


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़






लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 73 शनिवार 25 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल नवमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया


# पहले चरण के मतदान ने सत्ताधारी दल की नींदें उड़ाई

## आरजी कर मामले पर पीएम बोले- दोषियों को मिलेगी सजा

**एजेंसी समाचार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पानीहाटी में पीएम मोदी ने कहा कि आरजी कर मामले के हर दोषी को भाजपा सरकार सजा दिलाएगी। पीड़ित डॉक्टर की मां स्वप्ना देबनाथ यहां से उम्मीदवार हैं। मोदी ने 15 साल के 'महाजंगलराज' पर निशाना साधते हुए घुसपैठ, सिंडिकेट राज और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक बहुत बड़ा और कड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि आरजी कर अस्पताल में हुए रेप और मर्डर केस की साजिश में शामिल किसी भी रसूखदार या अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने जनता को भरोसा दिलाया है कि अगले महीने जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो हर एक अपराधी को खोजकर उसे सजा दी जाएगी। यह खबर बंगाल के उन सभी आम लोगों के लिए बहुत बड़ी उम्मीद है जो लंबे समय से इस दर्दनाक मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने यह बात शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल चुनावी रैली के दौरान कही। यह वही पानीहाटी इलाका है जहां अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जान गंवाने वाली महिला डॉक्टर का पुराना घर है। इस चुनाव में भाजपा ने




उसी पीड़ित महिला डॉक्टर की मां स्वप्ना देबनाथ को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। मोदी ने कहा कि स्वप्ना देबनाथ ने अपनी बेटी को देश की सेवा करने के लिए डॉक्टर बनाने में जीवन भर संघर्ष किया, लेकिन सत्ताधारी पार्टी के कुशासन वाले जंगलराज में उनकी बेटी छिन गई। उन्होंने वादा किया कि 4 मई को चुनाव के नतीजे आने के बाद हर जुल्म का हिसाब होगा।

**क्या घुसपैठियों के कारण बंगाल के युवाओं का रोजगार छिन रहा है?**

प्रधानमंत्री ने मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में इस सरकार ने बंगाल की पहचान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। राज्य में लगातार घुसपैठियों को लाया जा रहा है और उन्हें यहां बसाया जा रहा है। ये घुसपैठिए बंगाल की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और यहां के स्थानीय लोगों का रोजगार छीन रहे हैं। एक तरफ सरकार का भारी भ्रष्टाचार है और दूसरी तरफ घुसपैठियों का जुल्म है। इस कारण से बंगाल के युवाओं को नौकरी की तलाश में अपने घर छोड़कर बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। राज्य में कोई नया निवेश नहीं आ रहा है और पुरानी फैक्ट्रियां भी बंद होकर दूसरी जगह जा रही हैं।

**क्या बंगाल में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित हैं?**

रैली में पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके हकों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के राज में बेटियां बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन जब भाजपा की सरकार आएगी, तो कोई भी रेपिस्ट या अपराधी सुरक्षित नहीं बचेगा। महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मातृ शक्ति भरोसा कार्ड बांट रहे हैं। इस कार्ड के जरिए हर बहन को हर महीने 3000 रुपये यानी साल भर में 36,000 रुपये देने का पक्का वादा किया जा रहा है। मोदी ने यह भी याद दिलाया कि कैसे सत्ताधारी पार्टी ने संसद में महिला आरक्षण का विरोध किया था, जबकि पूरा देश चाहता है कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

## ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को 90 दिनों के लिए बढ़ाया

**एजेंसी समाचार**



**वाशिंगटन डीसी।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका से एक बड़ी खबर आई है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को अगले 90 दिनों के लिए विस्तार देने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी ऊर्जा बाजार में आई भारी अस्थिरता को कम करना और तेल-प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को सुगम बनाना है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव से उपजे वैश्विक संकट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। इस छूट के लागू होने के बाद अब गैर-अमेरिकी जहाजों के लिए अमेरिकी बंदरगाहों से तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन करना काफी आसान हो जाएगा। जोन्स एक्ट के प्रावधानों के तहत केवल अमेरिका में बने, अमेरिकी स्वामित्व वाले और अमेरिकी चालक दल वाले जहाजों को ही घरेलू समुद्री व्यापार की अनुमति होती है। हालांकि, मौजूदा ऊर्जा संकट के बाद आपूर्ति श्रृंखला में आए अवरोधों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने इन नियमों में ढील दी है।

# 'आप' को 'जोर का झटका

## राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने थामा भाजपा का दामन, नितिन नबीन ने कराया पार्टी में शामिल

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (अअइ) से इस्तीफे के बाद राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने शुक्रवार शाम को भारतीय जनता पार्टी के हेडक्वार्टर पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान



पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सभी सांसदों को पार्टी में स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।

बता दें, अब से कुछ देर पहले राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देते हुए भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया था। राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के दो-तिहाई से अधिक सांसदों ने भाजपा में विलय कर लिया है। सात सांसदों ने उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे राज्यसभा के अध्यक्ष को सौंपा गया था। मैंने, दो अन्य सांसदों के साथ, व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' करार दिया है। पार्टी का आरोप है कि ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का भय दिखाकर आप के नेताओं को तोड़ने की साजिश रची गई है। आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि ऑपरेशन लोटस के माध्यम से भाजपा पंजाब की भगवंत मान सरकार को अस्थिर करना चाहती है।

आम आदमी पार्टी से से अलग गुट बनाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय की घोषणा के बाद राज्यसभा संसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि पार्टी अपने आदर्शों से भटक चुकी है। मालीवाल ने एक्स पर कहा "साल 2006 में अपनी नौकरी छोड़कर मैंने देश सेवा का मार्ग चुना था। आरटीआई आंदोलन, अन्ना आंदोलन, आम आदमी पार्टी के गठन और दिल्ली महिला आयोग में आठ साल निष्ठापूर्वक काम करते हुए, मैने हर चरण में पूरी ईमानदारी और समर्पण से योगदान दिया। जिन सिद्धांतों, मूल्यों और ईमानदार राजनीति के संकल्प के साथ हमने यह सफर शुरू किया था। आज बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अरविंद केजरीवाल और उनके इशारे पर पूरी आम आदमी पार्टी उन आदर्शों से भटक चुकी है।"

उन्होंने कहा "मेरे साथ उनके आवास पर उनके इशारे पर बुरी तरह मारपीट और अभद्रता की गई। उन्होंने अपने गुंडे को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया और उसे बड़े-बड़े पदों से नवाजा। मुझे बर्बाद करने की धमकियाँ दी और हर संभव कोशिश की।"

मालीवाल ने कहा "केजरीवाल के संरक्षण में आम आदमी पार्टी में बढ़ता बेहिसाब भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ उत्पीड़न और मारपीट की घटनाएँ, गुंडा तत्वों को बढ़ावा और पंजाब के साथ हो रही धोखेबाजी और लूट को देखते हुए मैंने आज पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। मैं इस समय संसदीय समिति की बैठक के लिए टाइगर रिजर्व आई हुई हूँ। आज रात दिल्ली लौटने के बाद इस विषय पर विस्तार से बात करूँगी।"

## कांग्रेस समेत विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया नोटिस

### सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 73 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में महाभियोग चलाने



की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राष्ट्रपति को एक नोटिस सौंपा है। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सांसदों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटाने की मांग की है।

सांसदों द्वारा सौंपे गए नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त पर 'सिद्ध कदाचार' का आरोप लगाया गया है। यह कदाचार 15 मार्च 2026 को या उसके बाद किए गए कार्यों और चूक से संबंधित है। इस आरोप को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 (5) के साथ-साथ अनुच्छेद 124 (4) के तहत, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 11 (2) और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वर्णित किया गया है।

जयराम रमेश के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप हैं, जिन्हें विस्तृत रूप से प्रलेखित किया गया है और जिन्हें नकारा या छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त का पद पर बने रहना संविधान पर हमला है और यह अत्यंत शर्मनाक है कि वह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारों पर काम कर रहे हैं।

## गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, आज रहा सीजन का सबसे गर्म दिन, शनिवार को भी आसमान से बरसेगी आग



**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर और मध्य हिस्सों में इस बार अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को दिल्ली में तापमान तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 41.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक है। इससे पहले वर्ष 2022 अप्रैल में तीन दिन तापमान 42 डिग्री से अधिक और तीन दिन 43 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ था। इस तरह से शुक्रवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन भी रहा। दिन के साथ-साथ रात भी गर्म रही, इस कारण से न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वर्ष 2023 में 15, 16, 17 व 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा था। वर्ष 2024 में केवल 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और वर्ष 2025 में सात अप्रैल को 40.2, आठ अप्रैल को 41.0, व 09 अप्रैल को 40.5 डिग्री और 26 अप्रैल को 42.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था।

इससे पहले गुरुवार (23 अप्रैल 2026) को भी 41.7 डिग्री तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था। शुक्रवार को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में तापमान और भी ज्यादा दर्ज किया गया।

## दिसंबर से देश भर के नेशनल हाईवे होंगे बाधा-मुक्त

### 'लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट' में नितिन गडकरी ने बताया पूरा प्लान

**एजेंसी समाचार**

दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना रुकावट के टोल वसूली की नई व्यवस्था लागू की जाएगी। गडकरी ने 'लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवॉर्ड्स 2026' के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाकर परिवहन लागत घटाना जरूरी है।

गडकरी ने कहा कि इस नई प्रणाली के तहत वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। यह व्यवस्था उन्नत प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जिसमें वाहन नंबर पहचानने वाली प्रणाली और फास्टैग जैसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था शामिल होगी। इस प्रणाली में तेज गति वाले कैमरे और सेंसर के जरिए वाहनों की पहचान की जाएगी और उसी आधार पर टोल शुल्क अपने आप वसूला जाएगा।

उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों को डिजिटल रूप से नोटिस भेजा जाएगा। भुगतान नहीं करने पर फास्टैग बंद किया जा सकता है और वाहन से जुड़ी अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है। गडकरी ने कहा कि यदि भारत को वैश्विक शक्ति बनना है, तो उसे अपनी परिवहन लागत को एक अंक में लाना होगा।

## मित्र देशों पर मेहरबान ईरान ..... होर्मुज पार करने के लिए नहीं देना होगा ट्रांज़िट शुल्क, रूस समेत किन देशों को मिली ये छूट

**एजेंसी समाचार**

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रजा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार




करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गयी है।

वहीं जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा, "हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गयी हैं।"

## बिहार विधानसभा में सम्राट चौधरी सरकार ने हासिल किया विश्वास मत : तेजस्वी पर सीएम का तंज- सत्ता किसी की बपौती नहीं...

**एजेंसी समाचार**



**पटना।** बिहार विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी नीत सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सम्राट ने यह प्रस्ताव पेश किया कि "सदन राज्य की वर्तमान मंत्रिपरिषद में अपना विश्वास व्यक्त करे।" राज्य के 243 सदस्यीय सदन में यह प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया, जहां भाजपा नीत राजग को 202 सीट के साथ भारी बहुमत प्राप्त है। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा पेश करते हुए कहा, "राजग सरकार हमेशा किसानों, गरीबों और सुशासन के लिए काम करती रही है।" उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन स्थापित करने का कार्य नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, "सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देना ऐतिहासिक निर्णय था और राज्य में शराबबंदी लागू करने का फैसला भी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिया था।" उन्होंने कहा, "हमारी सरकार 'ट्रिपल सी'-क्राइम (अपराध), करप्शन (भ्रष्टाचार), कम्युनलिज्म (सांप्रदायिकता)- पर कोई समझौता नहीं करेगी।" नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा उन्हें लालू प्रसाद यादव की "पाठशाला" से निकला नेता बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए चौधरी ने कहा, "सत्ता किसी की बपौती नहीं होती। कोई किसी की पाठशाला से नहीं आता। यदि लालू जी का मुझ पर अत्याचार नहीं होता, तो आज मैं मुख्यमंत्री नहीं होता।"

# अमेरिका संग शांति वार्ता के लिए ईरान तैयार ?: इस्लामाबाद जाएंगे अराघची

**एजेंसी समाचार**

**इस्लामाबाद।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के इस सप्ताहांत तक इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है। दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ईरान के शीर्ष राजनयिक के वार्ता के लिए इस सप्ताहांत तक पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना है। अधिकारियों ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यात्रा के बारे में अन्य कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया, सिवाय इसके कि उनके साथ एक छोटा सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा और वे शुक्रवार को ही पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शुक्रवार को पुष्टि की कि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची वार्ता के लिए पाकिस्तान जा रहे हैं।



आईआरएनए ने बताया कि अराघची ओमान और रूस भी जाएंगे। पाकिस्तान की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वहां के अधिकारी अमेरिका और ईरान को दूसरे दौर की युद्धविराम वार्ता के लिए राजी करने की कोशिश कर रहे हैं। आईआरएनए की रिपोर्ट में कहा गया है कि अराघची की शुक्रवार से शुरू होने वाली यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर द्विपक्षीय परामर्श और चर्चा के साथ-साथ अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के खिलाफ थोपे गए युद्ध की नवीनतम स्थिति पर विचार-विमर्श करना है।'

## संस्कृत बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी, कन्नौज की सृष्टि दीक्षित 10वीं, प्रतापगढ़ के रजनीश यादव 12वीं टॉपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। दसवीं में कन्नौज की सृष्टि ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतापगढ़ की खुशबू दूसरे स्थान पर रहीं। इस वर्ष उत्तीर्ण प्रतिशत पिछली बार से बढ़ा है। छात्राओं का प्रदर्शन सभी वर्गों में बेहतर रहा और सफलता दर्ज की गई। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव व संस्कृत बोर्ड सचिव शिवलाल ने संयुक्त रूप से परिणाम जारी किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को 2026 की पूर्व मध्यमा द्वितीय (10वीं) और उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) की परीक्षा के परिणाम की घोषणा की।

# ईरान की हिरासत में मौजूद भारतीय नाविक महफूज

## जंग के बीच सुरक्षित क्षेत्र में भेजा गया जहाज

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। हिरासत में लिए विदेशी मालवाहक जहाज पर सवार भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से इसकी पुष्टि की है। यह भी बताया गया है कि जहाज को अब ईरान के सुरक्षित ठिकाने पर ले जाया गया है।

इस संकट की शुरुआत 22 अप्रैल को हुई थी। ईरान ने खाड़ी क्षेत्र से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे दो विदेशी कंटेनर जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया था। इसके अलावा, एक तीसरे जहाज पर ईरानी सेना की ओर से फायरिंग की भी खबर मिली। बताया जा रहा है कि ईरान ने अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी के विरोध में यह कदम उठाया। ईरानी सैनिकों ने समुद्र के बीच में ही कंटेनर जहाज फ्रांसेस्का और एपामिनोंडास पर धावा बोला।

आंकड़ों के मुताबिक, फ्रांसेस्का पर कोई भारतीय चालक दल मौजूद नहीं है, लेकिन एपामिनोंडास जहाज पर सवार 21 सदस्यों में से एक भारतीय नागरिक है। इसके अलावा, पनामा के ध्वज वाले एक और जहाज यूफोरिया पर 21 भारतीय नाविक सवार हैं।

## पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा सक्रिय, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की बैठकें

**एजेंसी समाचार**



**लखनऊ/वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित महिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में महिला मोर्चा, जिला व महानगर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अलग-अलग बैठकें कीं।

# योगी सरकार में नारी शक्ति वंदन पर प्रहार , 27 में महिलाओं से मिलेगा जवाब

## डिप्टी सीएम बोले नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा देश', 2027 पर नजर

जागरण मोर्चा संवाददाता

**बरेली।** योगी सरकार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में आयोजित जन-आक्रोश महिला सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए साफ कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का संकल्प अटल है, लेकिन इसे रोकने का पाप विपक्ष ने किया है।



संसद में 16, 17 और 18 अप्रैल को महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की कोशिश की गई, लेकिन विपक्ष के विरोध ने ऐतिहासिक मौका छीन लिया। यह सिर्फ बिल नहीं, आधी आबादी के सम्मान का सवाल है। अब महिलाएं ही इसका जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि ना हिम्मत हारी है, ना हौसला टूटा है। मातृ शक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही महिलाओं को वास्तविक अवसर देने वाली पार्टी है।

उन्होंने सावित्री, रानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी जब अवसर पाती है तो इतिहास बदल देती है। पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं की भागीदारी इसका प्रमाण है। डिप्टी सीएम ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि 40 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते, 10 करोड़ घरों में शौचालय, 7 करोड़ आवास, जिनमें 90 प्रतिशत महिलाओं के नाम उज्ज्वला, आयुष्मान और लखपति दीदी जैसी योजनाएं। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं ने महिलाओं की जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि जो महिलाओं के अधिकार रोक रहे हैं, उन्हें 2027 में जनता सजा देगी।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस मुद्दे को घर-घर तक पहुंचाया जाए। मंच से उठी एक ही आवाज कि आरक्षण चाहिए। कार्यक्रम में वन मंत्री, महापौर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद और अन्य नेताओं ने भी एक सुर में कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए और विपक्ष ने उनके सपनों को कुचलने का काम किया है।

# पेट्रोल पंप पर दबंगई, पैसे मांगने पर संचालक को रॉड से पीटा

जागरण मोर्चा संवाददाता

**भोजीपुरा क्षेत्र के जादौपुर की घटना, कार सवार युवकों ने साथियों को बुलाकर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज**

**भोजीपुरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जादौपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाने आए दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने न केवल पंप संचालक पर लोहे की रॉड से हमला किया, बल्कि पेट्रोल पंप में आग लगाने की भी कोशिश की। कर्मचारियों के बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी मोटरसाइकिलें मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धौराटांडा निवासी अजीम अहमद का जादौपुर में नूर फिलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप है। अजीम अहमद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, मंगलवार 21 अप्रेल की दोपहर करीब 4:30 बजे अफसार नामक युवक अपने कुछ अन्य साथियों के साथ कार में सीएनजी डलवाने आया था। गैस भरवाने के बाद जब उनसे पैसे मांगे गए, तो उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया और झगड़ा शुरू कर दिया।आरोप है कि अफसार ने कार से जैक निकालकर अजीम पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने फोन करके दो मोटरसाइकिलों UP 25 EM 2764 और UP 25 CK 0668 से चार और साथियों को बुला लिया। इनमें अशफाक अहमद नामक व्यक्ति भी शामिल था। ये लोग लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से लैस थे। आते ही इन लोगों ने संचालक को पीटना शुरू कर दिया और जान से मारने की नीयत से उनका गला दबाया। सिर और कान पर रॉड लगने से अजीम मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े।दबंगों की हिमाकत यहीं नहीं रुकी उन्होंने पेट्रोल पंप में आग लगाने का भी प्रयास किया, जिसे वहां मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह विफल किया। खुद को घिरता देख आरोपी अपनी दोनों मोटरसाइकिलें मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। जाते-जाते उन्होंने संचालक को दोबारा देखने और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित की शिकायत पर अफसार, अशफाक अहमद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओ में मामला दर्ज किया है।

# नवाबगंज अग्निकांड: मौत का बेसमेंट, 3 किशोरों की जान गई

जागरण मोर्चा संवाददाता

**बरेली।** नवाबगंज क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के खतरनाक खेल ने एक और मासूम की जान ले ली। बरखन मार्ग स्थित मोटर गैराज के बेसमेंट में 18 अप्रैल को हुए भीषण अग्निकांड में झुलसे चार किशोरों में से शुक्रवार को तीसरे किशोर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान साहिल रजा (15) के रूप में हुई है। इससे पहले अजीत और अर्शिल दम तोड़ चुके हैं, जबकि फरमान और गैराज मालिक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। परिजनों के मुताबिक गैराज में लंबे समय से अवैध तरीके से गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का धंधा चल रहा था। आरोप है कि पुलिस से बचने के लिए यह काम बेसमेंट में छिपकर किया जाता था। घटना वाले दिन भी सिलेंडर भरने के बाद चारों किशोरों को उसे उठाकर ईको गाड़ी में रखने के लिए बुलाया गया था।

**लीक गैस से लगी चिंगारी, चारों किशोर बने आग का शिकार**

जैसे ही किशोर सिलेंडर उठाने लगे, अचानक गैस लीक होने लगी और चिंगारी से आग भड़क उठी। देखते ही देखते पूरा बेसमेंट आग की लपटों में घिर गया और चारों किशोर बुरी तरह झुलस गए। इस दौरान गैराज मालिक महावीर भी आंशिक रूप से झुलस गया। घटना के बाद सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत के चलते पहले अजीत (13) और फिर अर्शिल (14) ने दम तोड़ दिया। अब साहिल रजा की भी मौत हो गई है। फरमान (13) की हालत नाजुक बनी हुई है और जिंदगी की जंग जारी है।

**गरीबी ने छीना सहारा, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

अजीत के परिवार पर इस हादसे ने सबसे बड़ा वार किया है। पिता देवेंद्र कुमार फर्नीचर का काम करते हैं और अजीत भी छोटी उम्र में ही घर चलाने में हाथ बंटाने लगा था। बेटे की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित बाबू ने गैराज मालिक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। घटनास्थल पर पुलिस तैनात कर दी गई है और अवैध गैस रिफिलिंग के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

# गरजा बुलडोजर , अवैध कॉलोनी को बीडीए ने किया जमींदोज

जागरण मोर्चा संवाददाता

**बरेली।** अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बीडीए ने बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के बिचपुरी गांव में बड़ी कार्रवाई की। करीब 4000 वर्गमीटर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर पूरे ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग तमाशबीन बनकर जुट गए।



बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन बताया कि जांच में सामने आया कि मो. इस्लाम और मो. वजरूद्दीन बिना किसी मानचित्र स्वीकृति के बड़े पैमाने पर प्लॉटिंग कर रहे थे। जमीन पर भूखंडों का चिन्हांकन कर दिया गया था, साथ ही सड़क, नाली और बाउंड्रीवाल का निर्माण भी तेजी से कराया जा रहा था। कॉलोनी को जल्द बेचने की तैयारी थी, लेकिन प्राधिकरण की नजर पड़ते ही पूरा खेल खुल गया।

**टीम पहुंची और मिनटों में ढहा दिया पूरा ढांचा**

संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची। सहायक अभियंता विनोद कुमार और अवर अभियंता सीताराम की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माण को एक-एक कर गिराया गया। कार्रवाई इतनी तेज रही कि निर्माण कराने वालों को कोई मौका नहीं मिला और देखते ही देखते पूरा ढांचा मलबे में तब्दील हो गया। उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत बिना स्वीकृत मानचित्र के कोई भी निर्माण या प्लॉटिंग पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में सीधे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है और जरूरत पड़ने पर संबंधित लोगों से खर्च की वसूली भी की जा सकती है।

**खरीददार भी रहें सतर्क, नहीं तो पैसा डूबेगा**

प्राधिकरण ने आम लोगों को चेतावनी दी है कि प्लॉट या मकान खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच जरूर करें। बिना स्वीकृति वाली जमीन खरीदने पर भविष्य में नुकसान उठाना पड़ सकता है और ऐसी संपत्ति कभी भी कार्रवाई की जद में आ सकती है। बीडीए उपाध्यक्ष ने संकेत दिए हैं कि शहर और आसपास के इलाकों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। जहां भी बिना अनुमति निर्माण या प्लॉटिंग मिलेगी, वहां इसी तरह बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

# उर्स और परीक्षा ने बदली शहर की चाल, बरेली में इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन, गलती पर फंसेंगे जाम में

जागरण मोर्चा संवाददाता

**बरेली।** उर्स ताजुश्शरिया और होमगार्ड भर्ती परीक्षा के चलते बरेली की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदल दी गई है। 24 से 27 अप्रैल के बीच शहर के कई अहम मार्गों पर डायवर्जन लागू रहेगा। लाखों जायरीन और हजारों परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सख्त प्लान लागू कर दिया है, जिससे जरा सी चूक लोगों को जाम में फंसा सकती है।

झुमका तिराहा, मिनी बाईपास और मथुरापुर रोड पर 24 अप्रैल दोपहर 3 बजे से 25 अप्रैल रात 12 बजे तक चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा और भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी। इसके अलावा कुदेशिया अंडरपास से किला, अशोक नगर तिराहा से कोहाड़ापीर, श्यामतगंज से पटेल चौक, चौकी चौराहा से चौपला और कुतुबखाना की ओर जाने वाले रास्तों पर भी ऑटो और ई-रिक्शा पर सख्त रोक रहेगी।

रामपुर और मुरादाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन अगर बरेली आना चाहते हैं तो बड़ा बाईपास, विलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचेंगे। अगर बदायूं जाना है तो बड़ा बाईपास, फरीदपुर, बुखारा मोड़, रामगंगा तिराहा से गुजरना होगा। नैनीताल और पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहनों के लिए भी यही रूट तय किया गया है, उन्हें सीधे शहर में एंट्री नहीं मिलेगी।

**बदायूं और लखनऊ रूट से आने वालों के लिए खास प्लान**

बदायूं और दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहन रामगंगा तिराहा, बुखारा मोड़, फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा से शहर में प्रवेश कर सकेंगे। वहीं लखनऊ से आने वाले भारी वाहन इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक ही सीमित रहेंगे, आगे बढ़ने के लिए बड़ा बाईपास का ही सहारा लेना होगा। दिल्ली और रामपुर की ओर से आने वाली रोडवेज बसें झुमका तिराहा, विलवा, डेलापीर, 100 फुटा रोड होते हुए सैटेलाइट बस स्टैंड पहुंचेंगी। 24 और 25 अप्रैल को सभी बसों का संचालन सिर्फ सैटेलाइट बस स्टैंड से होगा, पुराना बस अड्डा पूरी तरह बंद रहेगा।

**शहर के अंदर जाने का ये है वैकल्पिक रास्ता**

अगर बरेली से रामपुर जाना है तो गांधी उद्यान, श्यामतगंज पुल, डेलापीर, इज्जतनगर, विलवा पुल, बड़ा बाईपास का रास्ता अपनाना होगा। वहीं रामपुर, मुरादाबाद या दिल्ली से आने वालों को झुमका तिराहे से सीधे शहर में एंट्री नहीं मिलेगी, उन्हें बड़ा बाईपास होकर ही शहर में प्रवेश करना होगा। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने साफ कहा है कि यह डायवर्जन शहर को जाम से बचाने के लिए जरूरी है, इसलिए परीक्षार्थी समय से पहले घर से निकलें, वरना परेशानी तय है।

## धौंराटांडा: दलाल दूर रहें, माफिया पर होगा वार

**धौंरा/भोजीपुरा (बरेली)।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र की पुलिस चौकी धौंराटांडा के नवनियुक्त प्रभारी पवन कुमार सिंह से हुई एक मुलाकात में कहा उन्होंने कहा पीड़ित की शिकायत सुनना और समय से उच्च अधिकारियों के निर्देशन में उसका निस्तारण हो यह मेरे लिए प्राथमिकता है महिला संबंधी मामले जो भी हो आपसी समन्वय से हल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा गौ, अवैध खनन पर सीधा प्रहार रहेगा अगर कोई इस कार्य में लिप्त पाया गया कानून सम्मत कठोर से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी कस्बे में जाम ना लगे ऐसे प्रयास किए जाएंगे दलालों का चौकी में प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा पीड़ित को न्याय मिले सीधे हमसे आकर मिले उसकी पूरी मदद की जाएगी अपराध मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा अपराध करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हैवान ससुर: बहू से दरिंदगी की कोशिश

जागरण मोर्चा संवाददाता



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा को झकझोर कर रख दिया है। एक नवविवाहिता ने अपने ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने पति और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह करीब एक वर्ष पहले सोहिल नामक युवक से हुआ था। शादी के बाद से ही पति की शराब की लत ने उसकी जिंदगी को मुश्किलों में डाल दिया। आए दिन नशे में धुत होकर वह घर में झगड़ा करता था, जिससे घरेलू माहौल तनावपूर्ण बना रहता था। महिला ने आरोप लगाया कि 21 अप्रैल की शाम करीब चार बजे वह अपने कमरे में थी, तभी उसका ससुर अचानक अंदर घुस आया और उसे जबरन पकड़ लिया। इसके बाद उसने अश्लील हरकतें शुरू कर दीं और दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया और किसी तरह खुद को छुड़ाकर बाहर निकल आई।

पीड़िता का कहना है कि उसने घटना की जानकारी अपनी सास को दी, लेकिन सास ने परिवार की बदनामी का हवाला देते हुए उसे चुप रहने को कहा। जब शाम को पति घर लौटा और उसे पूरी बात बताई गई, तो उसने भी उसे चुप रहने की धमकी दी और मामले को दबाने की कोशिश की। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो पति ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। अब पीड़िता ने थाना फतेहगंज (पश्चिमी) में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ उर्स-ए-ताजुश्शरिया

जागरण मोर्चा संवाददाता

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में मुफ्ती अख्तर रजा खान उर्फ अजहरी मियां के दो रोजा उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आगाज अकीदत और एहतराम के माहौल में हो गया। सज्जादानशीन व काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खां कादरी की सरपरस्ती में परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। इससे पहले शाहबाद स्थित मिलन शादी हाल के पास से परचमी जुलूस निकाला गया, जो कुतुबखाना और बिहारीपुर होते हुए दरगाह आला हजरत पहुंचा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने नातो-मनकबत पेश करते हुए जगह-जगह फूलों की बारिश के बीच दरगाह पर सलामी दी और खानकाह ताजुश्शरिया पहुंचकर रस्म मुकम्मल की।



जुलूस के दौरान पूरा रास्ता अकीदत के रंग में रंगा नजर आया। जायरीन दुरूद-ओ-सलाम पढ़ते हुए आगे बढ़े। दरगाह पर पहुंचकर गुलपोशी और चादरपोशी की गई। जुलूस की सरपरस्ती जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने की। मथुरापुर स्थित जामियातुर्रजा इस्लामिक सेंटर में उर्स का मुख्य मंच सजाया गया है। उर्स प्रभारी सलमान हसन खान के मुताबिक देश-विदेश से आए उलमा-ए-कराम तकरीर पेश करेंगे। कई दरगाहों के सज्जादानशीन भी उर्स में शरीक हुए हैं। रात में तकरीरी जलसा होगा और देर रात मुफ्ती-ए-आजम हिंद का कुल शरीफ अदा किया जाएगा।

उर्स के दूसरे दिन 25 अप्रैल को सुबह कुरान ख्वानी और नातो-मनकबत के बाद सुबह 7:10 बजे मुफस्सिरे आजम का कुल शरीफ होगा। दोपहर जुमा के बाद तकरीरों का सिलसिला चलेगा और शाम 7:14 बजे हुजूर ताजुश्शरिया का कुल शरीफ अदा कर उर्स का समापन होगा। प्रबंधन ने उर्स के दौरान सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जमात रजा मुस्तफा के पूर्व मीडिया प्रभारी समरान खान ने बताया कि जुलूस में डीजे और संगीत पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। अकीदतमंदों से अपील की गई है कि वह संजीदगी के साथ दुरूद-ओ-सलाम पढ़ते हुए शामिल हों। जो लोग उर्स में नहीं पहुंच पा रहे हैं, उनके लिए ऑनलाइन जुड़ने की व्यवस्था भी की गई है।

उर्स को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा और एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र ने पुलिस बल को ब्रीफ कर सतर्क रहने के निर्देश दिए। बिहारीपुर ढाल से मलूकपुर चौकी, सिटी सब्जी मंडी और आजमनगर इंद्रा मार्केट तक ड्रोन से छतों की जांच की गई। हालांकि कहीं भी कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। उर्स के सफल आयोजन के लिए प्रबंधन की पूरी टीम सक्रिय है। हाफिज इकराम रजा खां, मौलाना आबिद नूरी, समरान खान, कौसर अली, यासीन खान, सय्यद अजीमुद्दीन अजहरी समेत बड़ी संख्या में लोग व्यवस्थाओं में जुटे हैं। पुलिस और प्रशासन की निगरानी में उर्स का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से जारी है।

# टॉपर दीपायन और अंशिका ने धौंरा का मान बढ़ाया

जागरण मोर्चा संवाददाता

**धौंराटांडा (बरेली)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का कल रिजल्ट आउट हुआ जिसमें कस्बे का प्राचीन शिक्षण संस्थान साहू ठाकुरदास इंटर कॉलेज का रिजल्ट शानदार रहा।

बच्चों ने बेहतर परफॉर्मेंस का मुज़ाहरा पेश किया इंटरमीडिएट का 94 परसेंट तो हाई स्कूल का 94% रिजल्ट रहा जिसमें बच्चियों ने टॉप लिस्ट में बाजी मारी इंटर में दीपायन 83.8 प्रतिशत , हिरा महक 83.4%, रहनुमा 82 . 4% तो वही हाई स्कूल में अंशिका 517 नंबर लकार प्रथम स्थान पर नहीं तो साक्षी शर्मा 510 नंबर लाकर द्वितीय स्थान पर वहीं वहीं मेरिट लिस्ट में मात्र मोहित कुमार एकमात्र बालक 485 नंबर लाकर थर्ड स्थान पर रहे कालेज प्रधानाचार्य आदेश कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का रिजल्ट हमारे विद्यालय का बेहतर रहा इंटर में 51 फर्स्ट तो 28 छात्रों सेकंड पोजीशन पर रहे उसकी वजह है कि विद्यालय में पठन पाठक पर विशेष ध्यान दिया जाता है और बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। वहीं विद्यालय परिवार ने समस्त सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है और असफल छात्रों के प्रति सहानुभूति प्रदर्शित की है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:डीएम

● शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर पूर्ति निरीक्षक शाहबाद, मिलक एवं सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस पोर्टल (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तय किया जाए। स्पष्ट कहा कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में न जाए तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए प्रकरणों का निस्तारण किया जाए।समीक्षा के दौरान शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर पूर्ति निरीक्षक शाहबाद, मिलक एवं सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ईओ केमरी द्वारा स्पेशल क्लोज किए गए प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना साक्ष्य के किसी भी शिकायत का निस्तारण आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड न किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिना समुचित जांच किए किसी भी शिकायत को स्पेशल क्लोज न किया जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यशैली में सुधार लाते हुए शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित कर संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भ सहित किसी भी माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का निस्तारण समय से करें तथा गलत आख्या पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अनियमितता के खिलाफ संगठन करेगा धरना प्रदर्शन

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयसिंह सैनी ने निदेशक रामपुर रजा लाइब्रेरी को दिव्यांगों के अधिकारों के हनन के कारण धरने की चेतावनी दी है। पत्र में कहा गया है कि मानसिक दिव्यांग मोहम्मद आजम खां उर्फ आज़म मुश्ताक के पिता रजा लाइब्रेरी रामपुर के कर्मचारी थे। वह 1994 मे रिटायर हुए थे उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी ने पारिवारिक पेंशन प्राप्त की। उनकी मृत्यु हो जाने पर दिव्यांग की पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन किया। समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करा दी। लेकिन दस वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी दिव्यांग की पेंशन उसे आज तक नहीं दी गई है। दूसरी ओर 5 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर रामपुर रजा लाइब्रेरी में दिव्यांगों को संविदा निविदा कर्मी के रूप में भर्ती नहीं किया गया है। इन्हीं अनियमितताओं के विरुद्ध संगठन धरना प्रदर्शन करेगा।

### मृत गौमाता का कराया अंतिम संस्कार

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद थाना क्षेत्र के तालकाबाद चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गौमाता की मौत हो गई। सूचना मिलते ही गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मृत गौमाता का अंतिम संस्कार कराया। युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गौमाता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर अंतिम संस्कार कराया गया।

# एक माह बाद खुला राम रहीम पुल दौड़े दुपहिया वाहन, मिली राहत

## 24 मार्च को मरम्मत कार्य के चलते पूर्ण रूप से किया गया था बंद



राम रहीम पुल खुलने पर जाते दुपहिया वाहन व पुल की ठोकर पर चूना डालते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** 28 दिन बाद राम रहीम पुल खोल दिया गया है। शाम पांच बजे पुल के खुलने पर दुपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। पुल को मरम्मत कार्य के चलते 24 मार्च को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। इसके बंद होने से करीब एक लाख की आबादी को आवागमन में काफी परेशानियां हो रही थी। लोक निर्माण विभाग एक्सईएन बताया कि राम रहीम पुल को हल्के वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है साथ ही अभी पुल पर निर्माणाधीन है वह भी जल्द ही पूरा कराया जाएगा।

राम रहीम पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। इसे सही कराए जाने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने प्रस्ताव शासन को भेजा। जहां से मंजूरी मिलते ही पुल को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। पहले पुल के क्षतिग्रस्त हुए बीयरिंग को बदलने का कार्य शुरू कराया गया। बीयरिंग को बदलने का कार्य पूर्ण होने पर पुल को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया। जिससे ज्वालानगर आने-जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पुल को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया है।

### विधायक की नाराजगी के बाद आई कार्य में तेजी

राम रहीम पुल पर कार्य में सुस्ती मिलने पर शहर विधायक ने विभागीय अधिकारियों से काफी नाराजगी जताई थी। इसके बाद विभागीय अफसरों ने दो-तीन टीम लगाकर रात में कार्य को कराया गया। कार्य तेजी को पुल से किया गया। इसी वजह से हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

### इन मार्गों से होकर गुजर रहे थे दुपहिया वाहन

राम रहीम पुल बंद होने से पनवड़िया रेलवे क्रासिंग, रोडवेज बस अड्डे के सामने बने अंडरपास, कोसी पुल होटल रिवर साइड इन होते हुए अजीत पुर चौकी से ज्वाला नगर की जा रहे थे। यानि पुल बंद होने से करीब 10 किलोमीटर तक अधिक दूरी लोगों को तय करनी पड़ रही थी। लेकिन शुक्रवार की शाम पांच बजे पुल को दुपहिया वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

> राम रहीम पुल का मरम्मत का कार्य किया जा चुका है। लेकिन पुल को दुपहिया वाहनों के लिए खोला गया है। पुल पर भारी वाहनों को आवागमन मरम्मत का शेष कार्य पूर्ण होने पर पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। – **गौरव सिंह, एक्सईएन लोनिवि, निर्माण खंड।**

# डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्राली को मारी टक्कर, चालक की मौत

● भोट थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों में मचा कोहराम




जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार रात को डीसीएम चालक ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली के चालक की मौत हो गई। जबकि उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद लोग मौके पर दौड़ पड़े। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसा गुरुवार रात भोट थाना क्षेत्र के गांव कोयली के पास हुआ। गंज कोतवाली क्षेत्र के सैजनी नानकार निवासी फिरासत पेशे से ट्रैक्टर चालक था। वह गुरुवार रात भूसा लेने के लिए

ट्रैक्टर से कोयली गांव जा रहा था। उसके साथ में गांव निवासी बहनोई मुकर्रम व एक मजदूर महबूब भी था। जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली गांव के पास पहुंची तभी हाईवे पर पीछे से आ रही डीसीएम ने ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। इस दौरान उसमें सवार लोग दब गए। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया।राहगीरों ने जब हादसे को देखा तो भोट थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, तब तक फिरासत की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा। जहां पर मुकर्रम की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। महबूब का उपचार चल रहा। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

# स्वार में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

● लूट और मारपीट का मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



मारपीट करते लोग। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव छपर्रा में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। एक पक्ष ने जहां जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने मेडिकल स्टोर से दो लाख रुपये लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर निवासी अमरनाथ पुत्र प्रभुनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम छपर्रा में अपना मेडिकल स्टोर चलाता है। घटना के समय उसका भाई रघुवीर दुकान पर अकेला था। आरोप है कि गांव का ही विकास पुत्र मुरारी वहां आया और नशे की हालत में गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर विकास ने अपने साथियों सुभाष, ओमपाल, सूरजपाल, किशनपाल, होरीलाल और अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर रघुवीर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। अमरनाथ का आरोप है कि जब वह बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया।तमंचे के बल पर मेडिकल स्टोर के गल्ले से दो लाख रुपये लूट लिए और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायरिंग भी की। वहीं दूसरी ओर से गांव छपरा निवासी मुन्नी देवी पत्नी होरीलाल ने भी तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि उनका आरोप है कि 23 अप्रैल को अमरनाथ, रघुवीर, राजीव और कपिल उनके भतीजे विकास के साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे। जब मुन्नी देवी विकास को बचाकर घर ले आई तो आरोपियों ने उनके घर में घुसकर हमला कर दिया।मुन्नी देवी का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें उनके पति होरीलाल और देवर पन्नालाल को लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मामले का संज्ञान लिया। दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनो पक्षों के किशनलाल और रघुनाथ को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है।

### शाहबाद में बाइक से गिरकर महिला जख्मी, रेफर

**शाहबाद।** शुक्रवार को बाइक पर बैठी महिला नीचे गिरकर जख्मी हो गई। जिसको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव निवासी कविता अपने पति बृजेश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थी, रास्ते में अचानक कविता को चक्कर आ गया और वह चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई महिला का पति बृजेश कुमार अपनी पत्नी कविता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार देकर गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मर में लगी आग, 10 घंटे बिजली संकट

● 300 उपभोक्ताओं के घरों में नहीं आई लाइट, गर्मी में हाल-बेहाल

जागरण मोर्चा, कार्यालय



ट्रांसफार्मर में आग लगने से उठतीं लपटें।

**रामपुर।** भाजपा कार्यालय के बाहर रखे 250-250 केवीए के दो ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया। आग लगने के कारण गर्मी से ओवरलोड होना बताया गया है।आग लगने की सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों में खलबली मच गई।

मालूम हो कि अप्रैल माह में बेतहाशा गर्मी पड़ रही है, गर्म हवाएं चल रही है जोकि बिजली निगम पर भारी पड़ रही है। इस माह में पड़ने वाली गर्मी ने अभी से मई-जून का अहसास कराना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर ओवरलोड होने के कारण लक्ष्मीनगर स्थित भाजपा कार्यालय की ओर जा रही सड़क पर रखे ट्रांसफार्मर में अचानक फॉल्ट हो गया और वह धूं-धूं होकर जलने लगा। जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जानकारी लोगों ने पुलिस और बिजली निगम को दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जेई विजयपाल सिंह ने बताया कि 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में आग पक्षी के बैठने से लगी है। नया ट्रांसफार्मर लगवाया जा रहा है जल्द ही आपूर्ति सुचारू करा दी जाएगी।

# मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

● हजारों का नुकसान शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला, मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद में ग्रामीण के मकान में आग लगने की सूचना पर जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार राजेश कुमार। -जागरण मोर्चा।



शॉर्ट सर्किट से लगी आग से जला पड़ा सामान। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** गुरुवार रात शाहबाद के मित्तरपुर गांव के एक घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गईं। आग की चपेट में आकर घर में रखा हजारों का सामान राख बन गया। जबकि घरवाले मकान की छत पर सोते रहे, आसपास के लोगों ने शोर मचाकर घरवालों को उठाया। तब कही जाकर आग बुझाई गई।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के मित्तरपुर गांव के अय्यूब अपने परिवार के लोगों के साथ बीती रात को अपने मकान की छत पर सो रहे थे, तभी अचानक रात में शॉर्ट सर्किट होने के कारण उनके मकान में आग लग गई।आग लगने से मकान में रखा पलंग, कपड़े, बिस्तर, सोफे, तख्त, बेड, कूलर आदि ने आग पकड़ ली। धुआं उठता देख आसपास के घरों से लोगो ने शोर मचाकर छत पर सो रहे अय्यूब को उठाया और फिर लोगों मदद से आग बुझाई गई। लेकिन तब तक काफी सामान जल चुका था। मकान मालिक के अनुसार आग लगने से उसका हजारों का सामान जलकर राख हो गया। उधर जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार राजेश कुमार ने हल्का लेखपाल के साथ मकान का मौका मुआयना किया। नायब तहसीलदार राजेश कुमार ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है, जांच की जा रही है।

### चोरी के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

**मिलक।** मिलक पुलिस ने चोरी के मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से पीली धातु के दो झाले बरामद किए हैं।23 अप्रैल को वादी अजय कुमार पुत्र जागनलाल निवासी ग्राम धल्लिया, थाना कैमरी जनपद ने अपने सहयोगी विकास बाबू व अनीता देवी के साथ तीनों महिलाओं को पकड़कर थाने लाए थे। वादी के अनुसार, यह तीनों महिलाओं ने, थाना मिलक निवासी अनीता देवी का पर्स चुरा लिया था, जिसमें पीली धातु के दो झाले रखे थे। भागते समय तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया।इस संबंध में थाना मिलक पर चोरी मे मुकदमा पंजीकृत किया गया ।जिसको पुलिस ने तीनों को 23 अप्रैल की रात्रि 10 :40 बजे गिरफ्तार कर 24 अप्रैल को तीनों महिलाओं को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम मे वादी व सहयोगी, कांस्टेबल शाने आलम, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल निशा झां आदि के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

**आयोजन** 26 अप्रैल को होगा पासिंग आउट परेड का आयोजन

# एसपी ने महिला आरक्षियों को पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया



परेड की सलामी लेते एसपी। -जागरण मोर्चा



पुलिस लाइन में परेड करती महिला आरक्षी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली पासिंग आउट परेड के सफल आयोजन के लिए रिहर्सल परेड का आयोजन किया।रिहर्सल परेड में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा सम्मिलित होकर परेड का निरीक्षण किया,एवं महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा टोलीवार मार्च पोस्ट का अवलोकन किया। रिक्रूट महिला आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्नआउट और कदमताल के समन्वय की सराहना करते हुए इसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम बताया।शपथ ग्रहण का अभ्यास रिहर्सल के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।ताकि मुख्य समारोह के समय प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि महिला आरक्षियों का यह बैच न केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ाएगा, बल्कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने में सेतु का कार्य करेगा। परेड संबोधन के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों को पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया।ताकि वे थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का निस्तारण अत्यंत संवेदनशीलता के साथ कर सकें। यह भी रेखांकित किया कि इस बैच को आधुनिक साइबर अपराधों से निपटने और डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी मिलक अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### 10 से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद



**मिलक।** बिजनेस प्लान के तहत मरम्मत कार्य के चलते शनिवार 25 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मिलक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी।अवर अभियंता, मोहम्मद हसनैन अंसारी ने बताया कि 33/11 केवी उपकेन्द्र 220 केवी शंकरपुर से पोषित 33/11 केवी उपकेन्द्र मिलक की 33 केवी मेन लाइन अहमदाबाद से खातानगरिया तक 6 किमी लाइन कन्डक्टर तार व 20 पोल बदले जाएंगे। इस कारण उपकेन्द्र से संबंधित मिलक की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र धमौरा के अंतर्गत 11 केवी फीडर बहादुरपुर, धमौरा व अकौदां की विद्युत आपूर्ति भी बंद रहेगी। अवर अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं पर सहयोग की अपील की है ।

# डीपीआर तैयार कर उद्योग केंद्र में संपर्क करें उद्यमी: सूर्यप्रकाश

### होटल रेडियंस में आयोजित हुई इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चैप्टर की होटल रेडियंस पार्क में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने मुख्यमंत्री योगी द्वारा घोषित इंडस्ट्रियल पार्क योजना को उद्योगों के विकास के लिए अमूल्य उपहार बताया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उद्यमी निर्भीकता से अपना उद्योग चला सकते है। सरकार उद्यमियों के लिए काफी नई योजनाएं चला रही है। उन्होंने आईआईए की उद्योगों की सेवा के लिए सराहना की।



होटल रेडियंस में आयोजित बैठक में बोलते श्रीष गुप्ता। -जागरण मोर्चा

उपाध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने उद्यमियों से आहवान किया कि इच्छुक उद्यमी अपने प्रस्तावित उद्योग की डीपीआर तैयार कर ज़िला उद्योग केंद्र या आईआईए से संपर्क करें जिससे से प्रभावी योजना तैयार की जा सके। बैठक में पूर्व चेयरमैन विपिन कुमार ने औद्योगिक क्षेत्रों को बिजली की अनवरत आपूर्ति उपलब्ध कराने की बिजली विभाग से मांग की। उन्होंने कहा कि उद्योग युद्ध के कारण पहले ही दवाब झेल रहे है। उन्हें विधुत सप्लाई में सुधार की आवश्यकता है। सचिव मनोज गर्ग ने एमएसएम ई उद्योगों पर युद्ध के कारण दवाब में चल रहे उद्योगों पर विभागों के एनफोर्समेंट का दवाब कम करने की सदस्यों की भावना को भी बैठक में रखा गया। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, विमल मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, भारत गुप्ता, अंकुर रस्तोगी, सुनील भगत, भास्कर गर्ग, अनुज गुप्ता, श्रीकिशन गुप्ता, सुशील गुप्ता, वीवी शर्मा, समर्थ बंसल, अमित अग्रवाल, संचित अग्रवाल, वत्सल अग्रवाल,अमित अग्रवाल उद्यमियों ने सुझाव रखें।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

- त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में जनसुनवाई को प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर प्रकरण गम्भीर स्वास्थ्य उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड, भूमि पैमाइश, आर्थिक सहायता आदि से संबंधित प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर तहसील बिलासपुर के ग्राम बिसारतनगर निवासी बलजीत सिंह को उनकी गंभीर बीमारी के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम। -जागरण मोर्चा

## पेट्रोल पंप पर लूट का प्रयास

- 3500 का तेल डलवा कर सेल्समैन को धक्का देकर भागा कार सवार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**स्वार।** कोतवाली स्वार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रसूलपुर फरीदपुर स्थित आर.एस. पेट्रोल पंप पर बुधवार की शाम एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक सफेद रंग की होंडा अमेज कार में आए अज्ञात युवक ने 3500 का पेट्रोल डलवाया और पैसे देने के बजाय सेल्समैन के हाथ से नकदी छीनने का प्रयास किया।

विरोध करने पर आरोपी सेल्समैन को धक्का देकर कार सहित मौके से फरार हो गया।पेट्रोल पंप के मैनेजर प्रकाश मौर्य ने थाना स्वार पुलिस को दी गई तहरीर देकर बताया कि घटना बुधवार को शाम करीब 5 बजे की है।

एक सफेद रंग की कार होंडा अमेज तेल डलवाने के लिए पंप पर रुकी। सेल्समैन विपिन कुमार ने कार में 3500 का पेट्रोल भरा।जैसे ही विपिन ने तेल के पैसे मांगे, कार चालक ने पैसे देने के बजाय विपिन के हाथ में पहले से मौजूद नकदी को छीनने की कोशिश की। जब सेल्समैन ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे जोर से धक्का मार दिया जिससे वह नीचे गिर गया। इसके बाद आरोपी तेज रफ्तार में कार लेकर फरार हो गया।

मैनेजर प्रकाश मौर्य ने बताया कि आरोपी युवक लूट के इरादे से ही पंप पर आया था।घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई इस घटना से अन्य पेट्रोल पंप स्वामियों में भी रोष और असुरक्षा का माहौल है।

## आरसेटी में 30 दिवसीय सेलफोन रिपेयरिंग प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** निदेशक आरसेटी देशराज मीणा ने अवगत कराया है कि नैनीताल रोड, पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी, रामपुर में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए 30 दिवसीय सेलफोन रिपेयरिंग एंड सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम मई के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 2 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में कुल 30 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें से 25 सीटें ग्रामीण गरीब प्रशिक्षणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान अभ्यर्थियों को चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म तथा प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड,जॉब कार्ड, 05 पासपोर्ट साइज फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ संस्थान में प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है, ताकि वे प्रशिक्षण उपरांत स्वयं का मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विस का व्यवसाय प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बन सकें।

प्रशिक्षण पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9058382486, 9012183432 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शरीअत में पतंगबाजी की कोई इजाजत नहीं: एहतेसाम

- जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले कुतबा को फरमाया खिताब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जामा मस्जिद नायब इमाम एहतेसाम उल्लाह खां ने जुमे की नमाज से पहले कुतबा को खिताब फरमाते हुए कहा कि शरीअत में पतंगबाजी की कोई इजाजत नहीं है। शरीअत में दौड़, बैंड मिन्टन ऐसे सारे खेल जिससे शरीर की वर्जिश हो सकें। पतंगबाजी में अपने जिस्म को नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं हैं। आज हमारे नौजवान पतंगबाजी खेल के चक्कर में लगे हुए है। ऐसे धागा का इस्तेमाल कर रहे है कि अगर किसी के जिस्म को लग जाए। तो वह जख्मी होता है। शहर में चीनी मांझे से कई ऐसे मामले सामने आए। जिससे कि लोगों की गर्दन कटी, कई लोग जख्मी हो गए।



जामा मस्जिद में कुतबा को खिताब फरमाते मौलवी एहतेसाम उल्लाह खां।

ऐसी खतरनाक चीज चीनी मांझा है। यह सिर्फ आज अपने दिल को तसल्ली देना, किसी को तकलीफ पहुंचे। इस ओर मां-बाप को चाहिए कि वह अपनों बच्चों को पतंगबाजी करने से रोके। घरों की छतों पर खड़े होकर पतंग उड़ाकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जामा मस्जिद की ओर मांग की जाती है कि चीनी मांझा बेचने और इस्तेमाल करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करें। मौलवी एहतेसाम उल्लाह खां ने मुसलमानों से अपील कि शादी, निकाह से पहले अपने बच्चों को मिलने से रोका जाए। संजीदगी पैदा करने को कहे। ताकि शादी के बाद आने वाली जिम्मेदारियों को निभा सके। निकाह को आसान करे, फिजूलखर्चे से भी बचें। लड़के वाले यह भी ध्यान रखे कि जो बहू लेकर आ रहे है वह भी किसी की बहन-बेटी है। अंत में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई।

## महिलाओं को पुलिस कर्मियों ने पढ़ाया कानून का पाठ

- 112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारें में बताया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को महिला सुरक्षा दल जनपद रामपुर द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।



महिलाओं को जागरुक करती महिला सिपाही। -जागरण मोर्चा

ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

## दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पुलिस का अभ्यास

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद पुलिस ने सीओ देवकीनंदन के नेतृत्व में आपात हालत से निबटने के लिए दंगा नियंत्रण रिहर्सल किया। अभ्यास के दौरान आपातकालीन स्थिति से निबटने के लिए ट्रेनिंग दी गई। दंगा नियंत्रण अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने, शास्त्रों के संचालन और आत्मरक्षा के गुर सिखाएं गए साथ ही साथ दंगारोधी उपकरणों के ठीक तरह से रखरखाव की भी जानकारी दी गई। दंगा नियंत्रण रिहर्सल के बाद पुलिस ने सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च कोतवाली से शुरू होकर बजरंग चौक, मैन मार्केट, बंगाली तिराहे, स्टेट बैंक होते हुए बिलारी तिराहे तक पहुंचा। इस दौरान एसआई अतिशय जैन, एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, राहुल कुमार, नफासत अली आदि रहे।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहा आरोपी धरा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चले कि बीती 16 नवंबर 2025 को वादी जयवीर निवासी धुरयाई ने शाहबाद थाने पर तहरीर देकर आरोपी अजब सिंह, महताब, रविन्द्र और सत्यभान निवासीगण धुरयाई थाना शाहबाद द्वारा वादी के पिता बलवीर के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज कराया था। घटना में वादी के पिता बलवीर की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसमें मुक़दमा उपरोक्त में मामले से संबंधित धाराओं की वृद्धि की गई। तथा प्रेम सिंह, हरिओम, धीर सिंह और सत्यवीर के नाम प्रकाश में आएं। शुक्रवार को शाहबाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे महताब पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी धुरयाई थाना शाहबाद को मुखबिर की सूचना पर करीमगंज मोड से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार, एसएसआई रामचंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, कांस्टेबल कोशिंद्र सिंह और राहुल कुमार आदि रहे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महताब।

## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी कोर्ट में पेश किया।जहां से आरोपी जेल चला गया।26 दिसंबर 2025 को महिला ने युवराज उर्फ जुगराज पुत्र नन्ने उर्फ नन्हे निवासी ग्राम सैजनी नानकार थाना गंज द्वारा महिला की बहन को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना अजीमनगर पर मुकदमा दर्ज कराया था। क्षेत्राधिकारी टांडा के निर्देशन में थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त के फरार आरोपी युवराज उर्फ जुगराज पुत्र नन्ने उर्फ नन्हे निवासी ग्राम सैजनी नानकार थाना गंज को ग्राम मिलकखानम रोड ग्राम नगलिया आकिल तिराहा से गिरफ्तार करके विधिक कार्यवाही की गई है।

## विद्युत आपूर्ति में सुधार को डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** पालिकाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर नगर में विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग की है। पत्र में कहा है विगत कई दिनों से नगर के मोहल्ला हाजीपुर, भब्बलपुरी, सेंटाखेड़ा, गोदावरी सहित नगर के अनेक मोहल्लों के लोग मेरे आवास पर आकर विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत की।

नागरिकों द्वारा अवगत कराया गया है कि इतनी भीषण गर्मी में भी बिजली काटी जा रही है जिससे बच्चों व महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

पत्र में कहा गया है कि पूर्व में दिये गये पत्रों में भी मेरे द्वारा विद्युत की समस्या के चलते नये ट्रान्सफार्मर की मांग की गई थी किन्तु ट्रान्सफार्मर न लगने के कारण समस्या वर्तमान में वैसी ही बनी हुई जिससे नागरिकों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर के मोहल्ला बरगद,पड़ाव में 250-250 केवीए के नये ट्रान्सफार्मर रखवाये जाएं ताकि नागरिकों की समस्या का समाधान हो सके।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देती पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम | योगाचार्य राजीव कुमार द्वारा लगाया गया शिविर

## योग शिविर में छात्रों ने सीखे स्वस्थ रहने के गुर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में योग 2026 कार्यक्रम के तहत जगह जगह कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 365 दिन योग थीम की तैयारी को लेकर किला मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसे के 50 बच्चों ने योग क्रियाएं सीखी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम और योगासन कराए। उन्होंने कहा कि अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। बच्चे ही देश का भविष्य होते है, बचपन से यदि योग करने की आदत डाल लें तो भविष्य में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है, सरकार भी आयुष विभाग के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य शरीर रखने के लिए प्रचार प्रसार में लगी है, जिसको लेकर देश भर में योग सेंटर खोले गए हैं। उन्होंने कहा नियमित योग करें, अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए प्रतिदिन योग अपनाए।



किला मैदान में आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग शिविर में मदरसे के छात्रों को योगाभ्यास राजीव कुमार। -जागरण मोर्चा

उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें। भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटिचक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवनमुक्तासन,उत्तानपादासन, हलासन आदि योगासन कराए। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक योग अभ्यास का आनंद लिया। इस मौके पर अर्चना गुप्ता एवं मदरसा शिक्षक का सहयोग रहा।

# बोले जिलाधिकारी:- फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाएं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## 10 दिन में सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्राम प्रधानों, लेखपाल, सचिव एवं पंचायत सहायकों को संबोधित करते डीएम।

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक सभागार में तहसील सदर के ग्राम प्रधानों, लेखपाल, सचिव एवं पंचायत सहायकों के साथ फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अब तक नहीं बन पाई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। फार्मर रजिस्ट्री न होने की स्थिति में किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उर्वरक सब्सिडी सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं।उन्होंने ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल एवं पंचायत सहायकों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में किसानों की पहचान फार्मर आईडी के माध्यम से ही की जाएगी, इसलिए इस कार्य को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए।

यह केंद्र एवं प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है।जिलाधिकारी ने पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने गांवों के कृषकों के साथ-साथ अन्य जनपदों में निवास कर रहे किसानों का भी चिन्हांकन कर संबंधित लेखपाल एवं पंचायत सचिव को सूचित करें, ताकि उनकी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ग्राम प्रधानों का भी पूर्ण सहयोग लेने के निर्देश दिए गए।उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 10 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराई जाए। लक्ष्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 307015 किसानों के सापेक्ष अब तक 263524 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है, जबकि शेष 43491 किसानों की फार्मर आईडी बननी शेष है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री हेतु आधार कार्ड, खतौनी एवं मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

### 15 मई से फार्मर रजिस्ट्री आईडी होगी अनिवार्य

रामपुर। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद के निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में वर्तमान में 17952 मीट्रिक टन यूरिया, 8858 मीट्रिक टन एनपीके तथा 3330 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किसानों की आवश्यकतानुसार उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसलों की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें तथा अनावश्यक भंडारण न करें। वर्तमान में खेतों में गन्ना एवं मक्का की फसल खड़ी है, जिसमें अधिक मात्रा में यूरिया के प्रयोग से कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ने तथा पानी की अधिक आवश्यकता जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ऐसे कृषक जो पेशे से अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक या व्यवसायी हैं, वे भी अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करवा लें। आगामी 15 मई 2026 से उर्वरक क्रय के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी उर्वरक क्रय करते समय किसान अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी उर्वरक विक्रेता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री या किसी अन्य उत्पाद को जबरन दिया जाता है, तो किसान अपनी शिकायत मोबाइल नंबर 7839882763 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

## भाकियू नेता हज के लिए रवाना



हसीब अहमद का फूल मालाओं से स्वागत करते पूर्व विधायक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश महासचिव मोहम्मद हसीब अहमद शुक्रवार की रात हज यात्रा पर मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। इससे पहले उनसे भाकियू कैंप कार्यालय पर पूर्व विधायक संजय कपूर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित, जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज हुसैन चिंटू, मुस्तफा हुसैन के अलावा राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के साथ भाकियू सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आने वाले लोगों ने हसीब अहमद का फूल मालाएं पहनाकर हज की मुबारकबाद दी। सिविल लाइंस स्थित कैंप कार्यालय पर मुबारकबाद देने वालों को दिनभर तांता लगा रहा।

## बिजली ट्रिपिंग से आमजन बेहाल, दिया पत्र

**रामपुर।** सराय गेट निवासी मोहम्मद राकिम खां ने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर कहा है कि उपकेन्द्र रज़ा इण्टर कॉलेज 33/11 केवीए क्षेत्र के मिस्टन गंज समेत फीडर से बिजली कटौती और ट्रिपिंग से आमजन बेहाल है। गर्मी में लचार बिजली व्यवस्था से 8000 से अधिक उपभोक्ता व्यापारी मजदूर छात्र नौजवान बुजुर्ग महिलाओं को परेशानी हो रही है। बिजली गुल होने से पेयजल की भी किल्लत हो रही है। रात दिन आँख मिचोली का खेल जारी है। उपकेन्द्र पर 8 फिडर दो इनकमिंग लगभग 12 घंटे से आंख मिचौली का खेल जारी है।

## अधिकारियों ने दंगा नियंत्रण रिहर्सल एवं फ्लैग मार्च किया



फ्लैग मार्च करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने सर्किल के थाना क्षेत्रान्तर्गत दंगा नियंत्रण रिहर्सल एवं फ्लैग मार्च किया।रिहर्सल के दौरान पुलिस बल को संभावित कानून-व्यवस्था की परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न ड्रिल कराई।जिसमें भीड़ नियंत्रण, त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय स्थापित करना तथा न्यूनतम बल प्रयोग के सिद्धांतों का पालन करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

अभ्यास का उद्देश्य जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

## जगह-जगह खड़ी ई-रिक्शाएं बन रही हादसों का कारण

**रामपुर।** शहर भर में जगह-जगह खड़ी ई-रिक्शाएं हादसों का कारण बन रही है। जिसके चलते लोगों का निकलना तक दुश्वार हो गया है। पुलिस द्वारा चेकिग अभियान तक नहीं चलाया जाता है।शहर में काफी समय में ई-रिक्शाएं है जोकि सवारियों को इधर से उधर ले जाने का काम करती है लेकिन इनका कोई रूट तय नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी आ रही है चालक कहीं भी ई रिक्शा को खड़ा करके चले जाते हैं जिससे जाम लग जाता है। इसके अलावा कई बार हादसा होने का खतरा बना रहता है इस बारें में अधिकारियों से कई बार लोग शिकायत कर चुके है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## स्वार में तैनात इंस्पेक्टर संजीव कुमार लाइन हाजिर

- सिविल लाइंस में अधिवक्ता की हत्या के दौरान साथियों ने उठाई थी कार्रवाई की मांग
- अपराध शाखा में चल रहे अनुपम शर्मा को मिली कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** स्वार में तैनात इंस्पेक्टर संजीव कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। इनके स्थान पर अपराध शाखा में चल रहे इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा को स्वार की कमान सौंपी गई है। हालांकि लाइन हाजिर होने का कोई स्पष्ट कारण नहीं पता चला सका है

बता दें काफी समय से सिविल लाइंस थाने में तैनात रहे इंस्पेक्टर संजीव कुमार फरवरी में हुए अधिवक्ता गोली हत्याकांड के बाद अचानक सुर्खियों में आ गए थे।कारण यह था कि शहर कोतवाली क्षेत्र के नालापार जुम्मा बाजार निवासी अधिवक्ता फारूक खां की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप कार्यालय में तैनात बाबू असगर अली पर लगा था, जो कि मौजूदा समय में जेल में बंद है। बताया गया था। अधिवक्ता फारूख खां की पत्नी गौशिया निशा भी वहां पर बाबू के पद पर तैनात है। जिला पंचायत में तैनात अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी के भड़काने पर बाबू असगर अली महिला बाबू गौशिया निशा के साथ अभद्रता करता था।

घटना के दिन भी उसने अभद्रता की थी। इसकी जानकारी गौशिया निशा ने अपने अधिवक्ता पति फारूख को दी थी। विरोध करने पर बाबू असगर अली ने अधिवक्ता के गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद अधिवक्ता आक्रोशित हो गए थे। तत्कालीन सिविल लाइंस कोतवाल संजीव कुमार को हत्या का जिम्मेदार ठहराते हाईवे जाम करके हंगामा किया था। इंस्पेक्टर संजीव कुमार को सस्पेंड करने की मांग कर रहे थे, लेकिन तत्कालीन एसपी ने उनको हटाने के बजाए स्वार में तैनात कर दिया था, जोकि सभी के लिए एक चर्चा का विषय बन गया था। कुछ दिनों पहले आए नये एसपी ने सोमेंद्र मीणा ने कई दरोगा का इधर से उधर कर दिया था,जबकि अब स्वार इंस्पेक्टर संजीव कुमार को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर अपराध शाखा में तैनात अनुपम शर्मा को तैनात किया गया है। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि स्वार में तैनात इंस्पेक्टर संजीव कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर अनुपम शर्मा को भेजा गया है।

### अधिवक्ता को रास्ते में रोकने का मामला भी हुआ था

**रामपुर।** सिविल लाइंस में तैनात रहे इंस्पेक्टर संजीव कुमार के समय में एक अधिवक्ता को कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी थी। मामला तूल पकड़े जाने के बाद संजीव कुमार ने आखिरकार इस मामले को संज्ञान में लिया था,लेकिन बाद में समझौता करा दिया था। कई बार एसपी से लोगों ने उनकी कार्यशैली को लेकर शिकायत की थी,लेकिन तत्कालीन एसपी ने उनको हटाया नहीं था।

### उनके कार्यकाल में नहीं होती थी सुनवाई

**सिविल लाइंस में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात रहे संजीव कुमार के कार्यकाल में पीड़ितों की समस्याएं कम सुनी जाती थी। एक महिला के साइबर ठगों के द्वारा खाते से पैसे उड़ा लिए गए थे। उसके बाद इस मामले की शिकायत साइबर सैल में की गई थी,केस ट्रांसफर होने के बाद सिविल लाइंस पहुंच गया था।इस बारे में कई बार सिविल लाइंस प्रभारी से संपर्क साधा गया,तो उन्होने हवा हवाई बाते करके केस को ठंडे बस्ते में डाल दिया था।**

## अंबेडकर पार्क में बनाया जाए दो कमरों का गेस्ट हाउस

- शहर विधायक को अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ ने दिया पत्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की बैठक आंबेडकर पार्क में हुई। प्रदेशाध्यक्ष महेश सागर ने कहा कि अंबेडकर पार्क में कैंटीन की जगह दो कमरे का गेस्ट हाउस बनाया जाए। इससे समाज के लोग बैठ, ठहर सके। पार्क की देखभाल भी आसानी से कर सकेंगे। इस प्रस्ताव को भी विधायक ने मान लिया है। शुक्रवार को अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कहा कि विधायक से अंबेडकर पार्क की समस्याओं को लेकर शिकायत की थी। जिससे अंबेडकर पार्क में 30 वर्ष से कोई भी कार्य नहीं किया गया था। इस विधायक ने तत्काल संज्ञान लिया। नगर पालिका परिषद की टीम को लेकर स्वयं अंबेडकर पार्क पहुंचे। एक एक चीज को स्वयं देखा। 14 अप्रैल से पहले अंबेडकर पार्क में विकास कार्य तेजी से कार्य करने के आदेश नगर पालिका के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर समरपाल सिंह, राकेश सागर, अमर सिंह, दिनेश सागर, अमर आदिवासी, महेश कुमार सागर, प्रमोद सागर, राजाराम, हरिबाबू राज, संजीव कुमार, अतर सिंह, जबर सिंह सागर, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, हरिराम प्रधान, बंसीलाल, हिमांशु वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



अंबेडकर पार्क में आयोजित अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की बैठक में बोलते प्रदेशाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## मदरसे के छात्र को लाठी डंडों से पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलकखानम।** थाना क्षेत्र में मदरसे के छात्र को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा था। मामला मिलकखानम थाना क्षेत्र के बढ़िइयों वाले मझरे का है। गांव निवासी महिला नजमा का आरोप है उसका बेटा मुस्तफा गांव के ही मदरसे में पड़ता है। शुक्रवार को छात्र मदरसे से घर वापस आ रहा था। आरोप है पड़ोस के ही लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के तमाम लोग मौके पर आ गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से भाग लिए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## शिक्षा के माध्यम से प्रगतिशील एवं आत्मनिर्भर भविष्य प्रदान करने का दृढ़ संकल्प लिया

- राजकीय पॉलिटेक्निक चमरौआ में किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय




राजकीय पॉलिटेक्निक चमरौआ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं।

**रामपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक चमरौआ प्राचार्य डॉ. राज बहादुर सिंह के नेतृत्व में महर्षि विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को पॉलिटेक्निक शिक्षा लेने के बाद उपलब्ध उज्ज्वल भविष्य एवं बेहतरीन करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पॉलिटेक्निक क्यों कराना चाहिए के विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस पावन अभियान को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। ताकि अधिकाधिक युवा कौशल-आधारित तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकें। राजकीय पॉलिटेक्निक चमरौआ प्राचार्य, स्टाफ एवं छात्रों ने पूरे क्षेत्र के हर विद्यार्थी तक पहुंचकर उन्हें तकनीकी शिक्षा के माध्यम से प्रगतिशील एवं आत्मनिर्भर भविष्य प्रदान करने का दृढ़ संकल्प लिया।

## मिस्टन गंज क्षेत्र का छह माह से टिल्लू पंप खराब

- वार्ड नंबर 37 के सभासद ने पालिकाध्यक्ष को दिया पत्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एक तरफ नगर पालिका परिषद के अधिकारियों का दावा है कि शहर में पानी की सप्लाई अच्छी मिल रही है। इन दावों में कितनी हकीकत है,यह मिस्टन गंज क्षेत्र की टिल्लू पंप ने खोल दी है।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 37 के सभासद दिनेश कुमार रस्तोगी उर्फ दिन्ने भाई ने चेयरमैन को लिखकर पत्र दिया है। जिसमें उनका कहना है कि मिस्टन गंज क्षेत्र में लगभग 6 माह से पानी की सप्लाई बंद है। इस मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की जा चुकी है साथ ही जिम्मेदार तीन माह पहले मुआयना भी कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी खराब टिल्लू पंप को सही नहीं कराया गया है।

विभागीय अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण खामियाजा वार्ड के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुई बोर्ड की बैठक में टिल्लू पंप खराब का भी मुद्दा उठ चुका है।

विभागीय अधिकारी सिर्फ सही कराए जाने का आश्वासन दे रहे हैं।

**परीक्षा** प्रति प्रश्नपत्र पर तय किया गया है 500 रुपये शुल्क

## स्क्रूटिनी परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई तक

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा री-चेकिंग के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई निर्धारित की है।

स्क्रूटिनी शुल्क 500 रुपये प्रति प्रश्नपत्र तय किया गया है, जो लिखित और प्रयोगात्मक खंड के लिए अलग-अलग देय होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया में शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद, आवेदन पत्र का प्रिंटआउट तथा मूल चालान संलग्न कर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक से 17 मई तक भेजना आवश्यक है। आफलाइन, सीधे या कोरियर से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं होगा। इस संबंध में परिषद ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर आवेदन करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सन्निरीक्षा के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को यह ध्यान रखना चाहिए कि आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचें। सभी आवश्यक दस्तावेजों को सही-सही संलग्न करना आवश्यक है।

परिषद ने यह भी बताया है कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद, छात्रों को अपने आवेदन की स्थिति की जांच करने के लिए वेबसाइट पर नियमित रूप से जाना चाहिए।

## एक नजर

### एसपी ने किये तीन उप निरीक्षक लाइन हाजिर

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार कानून व्यवस्था में बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने कानून व्यवस्था को सुधारने व अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से तीन उपनिरीक्षकों को लाइन हाजिर किया है। आदेश के बाद चन्दौसी कोतवाली में तैनात तीनों उपनिरीक्षकों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जिसमें उपनिरीक्षक दुष्यंत गोस्वामी चौकी प्रभारी मंडी समिति, उपनिरीक्षक शिवाजी पुंडीर चौकी प्रभारी सीता आश्रम तथा उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह चौकी प्रभारी बर्रई शामिल है। एसपी ने कोतवाली प्रभारी चन्दौसी को निर्देश दिए हैं कि तीनों उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन के लिए रवाना किया जाए।

### कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल, रेफर

**चन्दौसी।** जुनावई के काशीपुर निवासी साकिर हुसैन मालगोदाम रोड पर पैदल जाते समय कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कार को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया।

# सिल्वर स्टोन स्कूल में ट्रस्टी सम्मानित

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सबसे पहले ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में ट्रस्ट के प्रधान मौसम गुप्ता, उपप्रधान दीपक गुप्ता, मंत्री अमित केएस वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष राकेश आर्य, आय-व्यय निरीक्षक गौरव वार्ष्णेय, कोठारी अंकित वार्ष्णेय के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में प्रतीक वार्ष्णेय, गणेश चौधरी, कौशल वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, जश गुप्ता, दीपांशु वार्ष्णेय, कौशल किशोर वंदेमातरम, करन वार्ष्णेय, हिमांशुल वार्ष्णेय, अभय वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, प्रमोद गांधी, प्रदीप कुमार, ऋतिक वार्ष्णेय, स्पर्श वार्ष्णेय, अजय, मनोज कुमार, किंग वार्ष्णेय आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम में बहजोई के पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, बसंत शंकर, राजीव गुप्ता, वैभव शंकर, प्रधानाचार्य कपिल दीप वार्ष्णेय, उपप्रधानाचार्य शुभम अग्रवाल, शोभित राघव, पुष्पेंद्र सिंह, सोनी अग्रवाल, नंदिता शर्मा, नितीन शर्मा, गीतिका मिश्रा, सिमरन महाजन आदि मौजूद रहे।


विद्यालय में सम्मानित ट्रस्ट के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा


प्रमाण पत्रों के साथ ट्रस्ट की नवगठित कार्यकारिणी। -जागरण मोर्चा

### ट्रस्ट की कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ

**चन्दौसी।** श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर में पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई। जिसमें ट्रस्ट के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोरमुकुट वार्ष्णेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुशील वार्ष्णेय व सुरेश कुमार ने नवगठित कार्यकारिणी की ग्रहण कराई। जिसमें ट्रस्ट के प्रधान मौसम गुप्ता, उपप्रधान दीपक गुप्ता, मंत्री अमित केएस, उपमंत्री गौरव, कोषाध्यक्ष राकेश चंद्र आर्य, आय-व्यय निरीक्षक गौरव व कोठारी अंकित वार्ष्णेय सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ग्रहण की।


छात्र नितेश को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# समिति ने हाईस्कूल के छात्र नितेश को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुमथल में प्रजापति समाज सेवा समिति ने यूपी बोर्ड में हाईस्कूल के छात्र नितेश कुमार प्रजापति को सम्मानित किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के छात्र नितेश कुमार प्रजापति ने जनपद में प्रथम स्थान, मुरादाबाद मंडल में चौथे स्थान व उत्तर प्रदेश में 12 स्थान प्राप्त करने वाले समाज के नाम रोशन किया है। शुक्रवार को समिति के जिला सचिव महेश चंद्र प्रजापति ने छात्र नितेश को ट्राफी देकर व फूलमाला से स्वागत किया। छात्र की उपलब्धि से प्रजापति समाज में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर समिति के जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति, जिला महासचिव ओम प्रकाश प्रजापति, भुवनेश कुमार प्रजापति, बीएल वर्मा, उमेश चंद्र प्रजापति, शील कुमार प्रजापति, नंदेश्वर दिवाकर, धर्मपाल सिंह प्रजापति, कृष्णानंद प्रजापति, हरिओम प्रजापति, महेश चंद्र प्रजापति, अशोक कुमार, लालाराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पासिंग आउट परेड की तैयारी पूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण प्राप्तकर रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण उपरांत आयोजित होने वाली दीक्षांत/पासिंग आउट परेड का पूर्वाभ्यास अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। जिसमें पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया।

परेड में शामिल रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्कृष्ट तालमेल, अनुशासन व ड्रिल का गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। निरीक्षण में परेड की विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे परेड गठन, कमांड एवं कंट्रोल, ड्रेस, कदमताल तथा सुरक्षा प्रबंध का अवलोकन किया। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कार्यक्रम को भव्य तरीके से कराने को कहा। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को देश की सेवा, अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण तथा भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। जिससे उनके भीतर राष्ट्रसेवा की भावना और सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, आरटीसी प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।


परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। -जागरण मोर्चा

**आरक्षियों के फाइनल पूर्वाभ्यास में एसपी ने ली सलामी**

# जेवर-नकदी लेकर प्रेमी संग फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** छजलैट थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती अपने पिता के घर से भारी मात्रा में जेवर और नकदी समेटकर प्रेमी के घर पहुंच गई।

युवती अपने साथ सोने की चार चूड़ियां, मंगलसूत्र, कुंडल, आधा किलो चांदी की पायल और 90 हजार रुपये की नकदी ले गई थी। घटना के वक्त उसके माता-पिता खेत पर गए थे। जब युवती के पिता उसे वापस लेने प्रेमी के घर पहुंचे, तो आरोपियों ने सामान देने से इनकार कर उसे भगा दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर प्रेमी जीतू, उसके पिता उमेश और माता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राज्यमंत्री से मिले कैडेट्स, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से आए एनसीसी कैडेट्स ने राज्यमंत्री के आवास पर एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाई। कैडेट्स द्वारा अपनी मांगों को लेकर राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन भी सौंपा गया।

एनसीसी कैडेट्स गौरव बघेल ने बताया कि देश के कई अन्य विभागों एवं भर्तियों में एनसीसी बी व सी सर्टिफिकेट धारकों को बोनस अंक/प्रोत्साहन दिया जाता है। जबकि उत्तर प्रदेश में यह सुविधा अभी तक लागू नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश एवं अन्य सरकारी भर्तियों में एनसीसी सर्टिफिकेट धारकों को भी बोनस अंक प्रदान किए जाए, ताकि युवाओं को प्रोत्साहन मिले और अधिक से अधिक छात्र एनसीसी से जुड़ सके। कैडेट्सों ने कहा कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वह आगे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। इस दौरान जितिन कुमार, शाहनवाज आलम, रुद्राक्ष, अभय प्रताप, यश शर्मा, विवेक पाठक, सुशील दिवाकर, ब्रज गोपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।


राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते एनसीसी कैडेट्स। -जागरण मोर्चा

**शीघ्र समाधान न होने पर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने का लिया निर्णय**

# आशीष तूफानी बने राष्ट्रीय बजरंग दल नगराध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक त्रिवेदी द्वारा अशोक नगर निवासी प्रापर्टी डीलर आशीष तूफानी को राष्ट्रीय बजरंग दल चन्दौसी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। आशीष तूफानी ने दो दिन पहले विश्व हिंदू परिषद बजरंग से अपनी पूरी टीम के साथ सामूहिक इस्तीफा दिया था। आशीष के नगराध्यक्ष बनने के बाद उनके समर्थकों में खुशी है। उन्होंने कहा कि हमेशा हिंदुत्व के साथ खड़ा रहूंगा और हिन्दुत्व के लिए कार्यक्रम करता रहूंगा संगठन ने जो विश्वास किया उस पर खरा उतरूंगा। शीघ्र ही संगठन का विस्तार किया जाएगा।



# साइबर सैल ने आवेदक को वापस दिलाए 53 हजार रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद की साइबर सैल पुलिस टीम सक्रियता के चलते आवेदक के 53 हजार रुपये वापस कराए हैं।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मुल्हेटा निवासी महबूब अली पुत्र इंतेजा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा टेलीग्राम पर लिंक भेजकर गेम खेलने को बोलकर पीड़ित से लिंक पर क्लिक कराकर उसके खाते से 53 हजार रुपये का फ्रांड कर लिया था। इसके बाद पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड कराई गई। इस पर जनपद की साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आवेदक महबूब अली के 53 हजार रुपये जनपद साइबर सैल द्वारा अज्ञात ठगों के खातों में होल्ड/फ्रीज कराए गए। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आवेदक महबूब अली को 53 हजार रुपये वापस कराए गए। साइबर सैल प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्यागी ने बताया कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। साइबर फ्रांड व धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर काल करें व जनपदीय साइबर सैल को अवगत कराए।



# डीएम ने किया कुंवर बेचैन मार्ग का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** डा. कुंवर बेचैन स्मृति न्याय आस्ट्रेलिया की ओर से कीर्तिशेष कवि डा. कुंवर बेचैन मार्ग का लोकार्पण मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

डीएम ने कहा कि संभल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव के दौरान बहजोई रोड विकास नगर चौराहा से लायंस स्कूल तक सड़क का निर्माण कार्य विनिमय क्षेत्र के माध्यम से किया गया। जिसकी लागत एक करोड़ 16 लाख रुपये हैं। इस सड़क का नामकरण जनपद प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद चन्दौसी द्वारा कवि कुंवर बेचैन के नाम पर किया गया। अब इसका लोकार्पण डा. कुंवर बेचैन स्मृति न्याय आस्ट्रेलिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम में गाजियाबाद से आई वीणा मित्तल ने डा. कुंवर बेचैन के साथ अपने संस्मरणों को साझा किया गया। कहा कि वह एक जीवित चेतना के कवि थे। बेचैन के भतीजे प्रतीक सक्सेना ने उनके गीत गुनगुनाए। इस अवसर पर डा. कुंवर बेचैन के छोटे भाई राजकुमार सक्सेना, डा. सौरभ कांत शर्मा, डा. सुरभि सक्सेना आदि मौजूद रहे।


कवि डा कुंवर बेचैन मार्ग का लोकार्पण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

# दलितों को बदनाम किया तो होगा कड़ा आंदोलन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। कैथल गेट स्थित बौद्ध विहार में डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक संपन्न हुई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 14 अप्रैल की शोभायात्रा में लगे नारों को मुद्दा बनाकर सांप्रदायिक लोग दलित-मुस्लिम एकता बिगाड़ने का षड्यंत्र रच रहे हैं। समिति ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जांच के नाम पर दलित युवकों का उत्पीड़न कर उन्हें झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। ऋतुपूर्ण आचार्य के वायरल वीडियो पर समाज ने गहरा आक्रोश जताया। चेतावनी दी गई कि यदि अब किसी की गिरफ्तारी हुई, तो दलित समाज उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनाते सीओ यातायात व अन्य। -जागरण मोर्चा

# दोपहिया वाहनों चालकों को बताया हेलमेट का महत्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी/बहजोई।** बहजोई के बबराला मार्ग पर क्षेत्राधिकारी यातायात व कार्यवाहक प्रभारी यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों चालकों को रोककर हेलमेट की महत्वत्ता एवं स्वयं की सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा दोपहिया वाहन चालकों द्वारा अपनी सहमति से हेलमेट खरीदकर मौके पर ही हेलमेट लगवाया गया। साथ ही भविष्य में हमेशा यात्रा के दौरान हेलमेट का प्रयोग करने के साथ-साथ ट्रैफिक के अन्य नियमों की जानकारी देते हुए सड़क पर चलते समय सुरक्षित यात्रा की जानकारी दी गई।

# डीएम के आदेश पर कब्र से निकाला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व एसडीएम की मौजूदगी में पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्र से निकलवा कर उसका पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जाएगी।

जनपद बिजनौर के थाना धामपुर के ग्राम तीवडी निवासी जैनब की शादी अकबरपुर चैदरी निवासी नौशाद के साथ लगभग 8 वर्ष पूर्व हुई थी। विवाहिता दो बेटियां बताई गई है। 28 अक्टूबर 2025 गर्भवती जैनब को अमृत नर्सिंग होम कांठ में भर्ती कराया गया था जिसमें उसने बच्चे को जन्म दिया और डिलीवरी के दूसरे दिन उसकी मौत हो गई थी। उस समय मृतक के परिजनों और ससुराल वालों ने मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया था। इसके कुछ दिन बाद मृतका की मां बानो ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी के ससुराल वालों और डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी हत्या की बात कही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने एसडीएम कांठ और पुलिस क्षेत्राधिकार को मृतक महिला के सब को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम संत दास पवार, पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस वाले के साथ कब्रिस्तान में पहुंचे और मृतक महिला के शव को कब्र से निकाल कर उसकी वीडियो ग्राफी करने के बाद इसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मौके पर मौजूद अधिकारी, पुलिस व लोग। -जागरण मोर्चा


जरुरतमंद कन्या की शादी को सामान देती सोसाइटी की पदाधिकारी।

# सोसाइटी ने जरुरतमंद कन्या की शादी में की आर्थिक मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी समय-समय पर जरुरतमंदों लोगों की मदद करती रहती हैं। शुक्रवार को समिति की बैठक मयूर विहार पर संपन्न हुई।

जिसमें एक जरुरतमंद कन्या के विवाह के लिए सहायता के रूप में सामान व 10 हजार रुपये की धनराशि भेंट की गई। साथ ही सोसाइटी की पदाधिकारियों ने कन्या को अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कहा कि सोसाइटी द्वारा जरुरतमंद कन्या के लिए भी समय-समय पर मदद व सहायता देने का काम कर रही है। इस अवसर पर अभिलाषा प्रजापति, काजल अरोड़ा, सपना गुप्ता, रंजना शर्मा, रितु साहनी, रीना, ममता आदि मौजूद रहीं।

# विधायक कमाल ने सुनीं जनसमस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने अपने कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने 2027 के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, राजस्व व पुलिस प्रशासन से जुड़ी समस्याएं रखीं। क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण उनकी प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों और पूर्व सरकार के विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाना जरूरी है। साथ ही अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने और मुलायम सिंह यादव के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही जीत की कुंजी है और पीडीए समाजवादी विचारधारा की आधारशिला है, जिसे साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। इस मौके पर अंज़ार, डॉ. दानिश, अमजद, पूर्व चेयरमैन आबिद, हम्माद चौधरी, कुतुबुद्दीन, वसीम, रिजवान, सहल, सकलेंन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक कांठ। -जागरण मोर्चा

## एक नजर


### बाइकों की भिड़ंत में 30 वर्षीय अशोक की मौत

**गजरौला।** आदमपुर थाना क्षेत्र में बाइकों की भिड़ंत में घायल 30 वर्षीय अशोक की मौत के बाद परिजनों ने शव थाने के सामने रखकर जमकर हंगामा किया। दूल्हेपुर अहीर निवासी अशोक बुधवार को अपनी ताई के अंतिम संस्कार में शामिल होने तिगरी जा रहे थे, तभी कांकाठेर–तिगरी मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद काफी देर तक न पुलिस पहुंची और न ही सरकारी एंबुलेंस। साथियों ने ही उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें मेरठ रेफर किया गया। शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ने के बाद परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि नामजद आरोपी की जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों के आक्रोश को देखते हुए इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने निष्पक्ष जांच और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

# महिला की मौत पर अस्पताल में हंगामा, ओटी सील

## अस्पताल संचालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक का शव अस्पताल गेट पर रखकर काटा हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय


रजनी का फाइल फोटो।


अस्पताल के बाहर एकत्र ग्रामीण। –जागरण मोर्चा


अस्पताल की ओटी को सील करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की प्रसव के दौरान मौत होने के बाद परिजनों ने मृतका का शव अस्पताल गेट पर रखकर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा कांटा, हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग मौके पर पहुंचा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अस्पताल की ओटी को सील कर दिया गया, वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा। तहसील क्षेत्र के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर सुल्तानठेर निवासी नेपाल सिंह की पत्नी रजनी 35 वर्षीय को प्रसव पीड़ा के दौरान नगर के बाईपास मार्ग स्थित केयर हॉस्पिटल में गुरुवार की दोपहर को भर्ती कराया गया था। पीड़ित नेपाल सिंह का कहना है कि अस्पताल संचालकों के द्वारा उसकी पत्नी रजनी का ऑपरेशन किया गया, ऑपरेशन के माध्यम से उसकी पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसको अस्पताल को द्वारा मशीनों में रखा गया। वहीं ऑपरेशन के बाद रजनी की तबीयत खराब हो गई, संथाल को द्वारा उसे बाहर रेफर कर दिया गया जहां उसे मृतक घोषित कर दिया गया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान लापरवाही के चलते रजनी की मौत हुई है और परिजनों ने शव को अस्पताल गेट पर रखकर जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने केयर हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ओटी को सील कर दिया, वही मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। वही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि अस्पताल संचालकों के खिलाफ मृतका के परिजनों ने तहरीर दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच की जा रही है अग्रिम कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर की जाएगी।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** ग्राम पंचायत गढ़ी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) सतीश कुमार ने ग्रामीण स्वशासन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को पीएम स्वामित्व योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार मिल रहा है, जो महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ने विभाग की विभिन्न पेंशन और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, ताकि पात्र व्यक्ति इनका लाभ उठा सकें।

# शिक्षक समुदाय में जश्न, बच्चों ने लहराया परचम

जागरण मोर्चा कार्यालय


शिक्षक का स्वागत करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** विकास खंड गंगेश्वरी के शिक्षा जगत के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवशाली रहा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक गंगेश्वरी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय कसाईपुरा में कार्यरत सहायक अध्यापक भगवान सिंह का हसनपुर में ब्लॉक तिराहे के नजदीक उन्हें फूल मालाएं पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया।

यह सम्मान भगवान सिंह के बच्चों द्वारा उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में दिया गया। शिक्षक भगवान सिंह की पुत्री लवी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 93.5% अंक प्राप्त कर जनपद अमरोहा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं, उनके पुत्र वंश कुमार हाईस्कूल परीक्षा में 95.5% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद अमरोहा में पाँचवाँ स्थान हासिल किया है। एक ही परिवार के दो बच्चों की इस दोहरी सफलता ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे शिक्षक समाज को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "यह हमारे पूरे ब्लॉक और शिक्षक संघ के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। जब एक शिक्षक के बच्चे इस तरह की सफलता प्राप्त करते हैं, तो यह समाज में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश देता है। इस शानदार उपलब्धि से न केवल बेसिक शिक्षा विभाग का मान बढ़ा है, बल्कि साथी शिक्षकों में भी भारी उत्साह और खुशी की लहर है।इस सम्मान समारोह के दौरान शिक्षकों ने भगवान सिंह और उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, एआरपी कमल दीपेंद्र सिंह, संजीव कुमार मौर्य, संजय सिंह (पूर्व एआरपी, करणवीर सिंह, रोशनलाल, विनोद कुमार, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, बिजेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, महकार सिंह, मनीष कुमार, मदनपाल, बब्लू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आगाज़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय कांठ में द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2026 एवं उमंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नजाकत हुसैन के द्वारा किया गया। प्राचार्य ने बताया कि खेलकूद केवल शारीरिक व्यायाम का साधन ही नहीं है, वरन इनकी व्यक्तिगत विकास के लिए भी परम आवश्यकता है जिससे छात्र-छात्र अपने जीवन में हार तथा जीत को समान रूप से आंककर लगातार प्रयत्नशील रहे। प्रतियोगिताओं को शुरू करने से पूर्व महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. मुदित सिंघल ने छात्र-छात्राओं को क्रीडा के नियमों से अवगत कराया तथा खेल समर्पण की भावना से खेलने के लिए जागरूक किया। वार्षिक क्रीड़ा समारोह में कुल छः प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रथम दिन ऊंची व लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-कर के भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में दस से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिससे प्रतियोगिता और अधिक रोमांचक हो गई। हिमांशी, पायल, उमंग, काजल, सलोनी, विकुल, समीर, समीर खान, हर्ष, असद एवं दीपक कुमार ने इन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रीड़ा समारोह महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, कार्यालय का समस्त स्टाफ तथा समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार


जुलूस निकालते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद। –जागरण मोर्चा

### प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली के विरोध में डिग्री कॉलेज के खिलाफ खोला मोर्चा

**हसनपुर।** नगर स्थित एक डिग्री कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्र–छात्राओं से प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कॉलेज गेट पर धरना प्रदर्शन किया, वही कॉलेज कॉलेज निदेशक द्वारा व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन देने पर वापस लौटे। नगर स्थित एक डिग्री कालेज में छात्र–छात्रों से प्रैक्टिकल के नाम पर 1000 रूपय वसूले जा रहे थे, जानकारी प्राप्त होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा कालेज परिसर में प्रर्दशन किया गया, जिस के फलस्वरूप कालेज प्रबंधन ने प्रैक्टिकल की फीस वापस कराने व अवैध वसूली बन्द करने की जिम्मेदारी ली, जब जाकर कार्यकर्ता शांत हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रांत सहमंत्री विकास शर्मा ने कहा कि कालेज प्रशासन के द्वारा छात्रों से वसूली कर अपने जेब में पैसा रखा जा रहा है, इस सब को देखते हुए विधार्थी परिषद द्वारा प्रत्येक कैम्पस में ऐसी अवैध वसूली करने वालों पर कार्यवाही करायी जाएगी। इस समय पर जिला प्रमुख पकंज शर्मा, जिला संयोजक राजा शर्मा, तहसील संयोजक हरित कसाना, यश बंसल, प्रतीक, दीपक गिल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लखनऊ में एसआरएस स्कूल ने जीता अवार्ड



**गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला को लखनऊ में आयोजित इंडिया के–12 समिट एंड टॉप स्कूल्स अवाड्र्स 2026 के दौरान प्रतिष्ठित "इंडिया टॉप स्कूल अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विशेष रूप से "एक्सीलेंस इन इनक्यूलेटिंग लॉजिकल एंड एडवांस्ड लर्निंग" श्रेणी में प्रदान किया गया, जो विद्यालय द्वारा छात्रों में तार्किक सोच एवं उन्नत शिक्षण पद्धतियों के सफल समावेश को शामिल करता है। 23 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम के उत्तर प्रदेश के टॉप 50 विद्यालयों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मान्यता दी गई। इस अवसर पर यह सम्मान गोदरेज इंटरियो के मैनेजर द्वारा विद्यालय को प्रदान किया गया। विद्यालय की ओर से निदेशक पुनीत सिंह एवं कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह ने यह सम्मान ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय ने हाल ही में घोषित सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला टॉपर का गौरव प्राप्त किया तथा मुरादाबाद मंडल स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं जुड़ाव के सहयोग को दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल भविष्य में भी इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।


सत्संग सुनते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

### निरंकारी भवन कांठ में सत्संग का आयोजन

**कांठ।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में 24 अप्रैल 2026 को 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर निरंकारी भवन कांठ में श्रद्धा एवं समर्पण भाव से सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा भगवानदास जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि जब मनुष्य के हृदय में प्रेम, करुणा और एकत्व की भावना जागृत होती है, तब वह समस्त मानवता के कल्याण का माध्यम बनता है। उन्होंने "मानव को मानव हो प्यारा, एक–दूजे का बने सहारा" का संदेश देते हुए आपसी भाईचारे और सेवा भाव पर जोर दिया। बताया गया कि यह दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में मनाया जाता है, जो देशभर के विभिन्न सत्संग केंद्रों पर भी श्रद्धापूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ब्रांच मुखी मास्टर सुशील कुमार, सेवादल शिक्षक अमित कुमार, संचालिका बहन राजवती, बहन रेनू, महात्मा हिमांशु, महात्मा आशीष, महात्मा रवि कुमार गौतम, अंकित कुमार सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम का गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़े तहसील हसनपुर के ग्राम मंगरौला का भ्रमण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने जा रहे हैं, जिसके क्रम में जनपद में भी इस महत्वपूर्ण स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ गंगा एक्सप्रेसवे ग्राम मंगरौला का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। यहां एक्सप्रेसवे का एंट्री पॉइंट है, जो जिले को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। भ्रमण के दौरान उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा की। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री हरदोई जिले में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों (मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज) को जोड़ेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, उप जिलाधिकारी हसनपुर हिमांशु उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गिरीश, परियोजना निदेशक अम्बरीष कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेधावियों ने लहराया परचम, खिलाई मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय


मेधावी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते शिक्षक व स्टाफ।

**कांठ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में कांठ क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल पैगम्बरपुर का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शैक्षिक सत्र 2025-26 में 91 प्रतिशत रहा। बेहतर परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव गुप्ता व समस्त स्टाफ ने विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि निरंतर मेहनत और प्रयासों से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान हाईस्कूल के टॉपर छात्र मौ० कैफ को विशेष रूप से बधाई दी गई। वहीं दूसरी ओर इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर कांठ में कुमारी सादिया 81.6 प्रथम, फ़ायजा परवीन 80.6 द्वितीय, कुमारी साक्षी 79.2 तृतीय, कुमारी सायबा 77.6 चतुर्थ, हुमैरा फातमा 75.8 पंचम स्थान पर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी : प्रधानाचार्य संजीव गुप्ता**

**स्वरांजलि** — टीएमयू में भारतीय शास्त्रीय संगीत की दिखी भव्य झलक

# टीएमयू में गूंजी पंडित राजेंद्र प्रसन्ना की सुरीली बांसुरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्न ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित प्रसन्ना ने अपनी साधना, कला और मधुर सुरों से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा एवम् आनंद से सराबोर कर दिया।

पंडित जी की बांसुरी से निकले प्रत्येक सुर ने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करके अलौकिक अनुभूति प्रदान की। तबले पर पं. देवज्योति दास गुप्ता और बांसुरी पर श्री सम्यक पाराशरी की संगत ने संगीत की इस महफिल को नई ऊंचाई प्रदान की। मेडिकल के एलटी 2 में दोनों सत्रों को संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने इस महफिल को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग हुआ। स्वागत भाषण में डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा, ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्टुडेंट्स को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में स्पिक मैके के क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. मुकुल किशोर, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, प्रो. उपेंद्र मलिक, अनंत भारद्वाज के साथ-साथ डेंटल एवं नर्सिंग कॉलेज की फैकल्टीज एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने पंडित राजेंद्र प्रसन्न और उनके सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस प्रोग्राम में टीएमयू कल्चर एंड हेरिटेज क्लब का भी सहयोग रहा। संचालन सीटीएलडी की फैकल्टी मणि सारस्वत ने किया।

# बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को दी शुभकामनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** यूपी बोर्ड परीक्षा रिजल्ट में बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को प्रधानाचार्या व स्टाफ द्वारा मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी।

हाईस्कूल परीक्षा में जैनब परवीन ने 80.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल ने 79 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि सामिया ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में मानसी गौतम ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गृह विज्ञान विषय में सर्वाधिक 94 अंक प्राप्त किए। दिया चौहान ने 79.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया एवं आंचल ने 77.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल 65 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जिनमें से 11 छात्राओं ने 'डिस्टिंक्शन' प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। प्रबंधक श्री सुशील कुमार ने सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

संपादकीय

# पहलगाम के जख्मों से सबक लेने का समय

एक वर्ष पूर्व पहलगाम की बैसरन घाटी में जो रक्तपात हुआ, वह केवल एक आतंकी हमला नहीं था, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक ऐसा जघन्य अपराध था जिसने सभ्य समाज की आत्मा को झकझोर दिया। पर्यटकों को उनके धर्म के आधार पर चुन-चुनकर निशाना बनाना आतंकवाद के उस घृणित चेहरे का परिचय था, जिसने वैचारिक कट्टरता और निर्दयता की सभी सीमाओं को लांघ दिया था। आज जब राष्ट्र को इस त्रासदी की याद आती है, तब केवल शोक का क्षण नहीं, बल्कि सुरक्षा और सामूहिक चेतना के आत्म-मंथन को विवश करता है। पहलगाम पर हमारा सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम केवल शोक की रस्म अदायगी करते हैं या हमने उस त्रासदी से ठोस सबक भी लिया? निसंदेह, भारत सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत न तो ऐसी कायराना हरकतों को भूलता है और न ही क्षमा करता है। सैन्य स्तर पर अपराधियों का दमन जरूरी है, किंतु क्या हम खुफिया तंत्र की उन खामियों को पूरी तरह भर पाए हैं जिन्होंने आतंकियों को इतने सुरक्षित क्षेत्र में सेंध लगाने का अवसर दिया? देश में बदलता आतंकवाद अब केवल क्षेत्रीय विवाद नहीं, बल्कि एक विभाजनकारी नियत का माध्यम बन गया है। हमलावरों का उद्देश्य समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का था। ऐसे में हमारा जवाब भी बहुआयामी होना चाहिए। सैन्य प्रहार के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक मजबूती भी आवश्यक है। यद्यपि तकनीकी सुरक्षा उपाय बहुत जरूरी हैं, लेकिन बुनियादी ढांचे में बदलाव की जरूरत अभी है। पहलगाम को महज एक तारीख बनकर नहीं रहना चाहिए। वास्तविक श्रद्धांजलि तभी होगी जब सतही सामान्यता के बजाय हम एक ऐसा निवारक सुरक्षा तंत्र विकसित करें, जहां भविष्य में किसी भी निर्दोष का रक्त धर्म या पहचान के नाम पर न बहे। स्मृति जब संकल्प बनती है, तभी न्याय सुनिश्चित होता है।

# क्या नेपाल में फिर दोहराया जाएगा इतिहास?

नेपाल की राजनीति लंबे समय से अस्थिरता, गठबंधनों के उतार-चढ़ाव और जन अपेक्षाओं के भारी दबाव के बीच झूलती रही है। हालिया परिदृश्य में बालेन शाह की सरकार पर लगे आरोप इस पुरानी परंपरा की एक और कड़ी जैसे प्रतीत होते हैं। जिस उम्मीद और ऊर्जा के साथ जेन-जी ने उन्हें सत्ता तक पहुंचाया, वही वर्ग आज सवाल खड़े कर रहा है। यह केवल किसी एक सरकार की विफलता का संकेत नहीं, बल्कि नेपाल की राजनीतिक संस्कृति की गहरी जड़ों को उजागर करता है, जहां सत्ता परिवर्तन एक अंतहीन चक्र की तरह चलता आया है। 1990 के दशक में बहुदलीय लोकतंत्र की बहाली के बाद नेपाल में स्थिरता की उम्मीद जगी थी, पर यह आशा जल्द ही राजनीतिक अस्थिरता में बदल गई। गिरिजा प्रसाद कोइराला, माधव कुमार नेपाल और पुष्प कमल दहल जैसे नेताओं की सरकारें भी गठबंधन की बैसाखियों पर टिकी रहीं। राजनीतिक खींचतान और आंतरिक मतभेदों ने इन सरकारों को टिकने नहीं दिया। 2008 में राजशाही के खात्मे और गणतंत्र की स्थापना के बाद यह विश्वास मजबूत हुआ कि अब राजनीतिक स्थायित्व आएगा, परंतु यह उम्मीद भी अधूरी रह गई।

2008 से 2015 के बीच नेपाल ने कई प्रधानमंत्रियों का बदलता हुआ चेहरा देखा, जिनमें से अधिकांश का कार्यकाल बेहद संक्षिप्त रहा। 2015 में नए संविधान के लागू होने के बाद भी हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। 2018 में केपी शर्मा ओली की सरकार मजबूत बहुमत के साथ सत्ता में आई और इसे स्थिरता की दिशा में एक निर्णायक कदम माना गया। लेकिन पार्टी के भीतर गुटबाजी और सत्ता संघर्ष ने इस उम्मीद को भी तोड़ दिया, और 2020 तक आते-आते सरकार संकट में घिरकर गिर गई। इसके बाद शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनी, जिसने सीमित समय तक ही स्थिरता का आभास दिया। एक बार फिर ओली की सरकार अस्तित्व में आई, यह भी जेन-जी के प्रवाह में टिक न सकी।

इसी उथल-पुथल के बीच बालेन शाह का उभार एक नई उम्मीद के रूप में सामने आया। उनकी युवा और व्यवस्था-विरोधी छवि ने उन्हें जेन-जी का प्रिय बना दिया।



2025 के विरोध प्रदर्शनों में, जहां भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पारदर्शिता जैसे मुद्दे केंद्र में थे, जनता ने बदलाव की आस में शाह का समर्थन किया। लेकिन सत्ता में आने के कुछ ही दिनों बाद उन्हीं मुद्दों पर सवाल उठना यह बताता है कि समस्या केवल नेतृत्व परिवर्तन से हल नहीं होती। गृहमंत्री सुधन गुरुंग पर लगे गंभीर आरोपों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। जिनसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख की अपेक्षा थी, उन्हीं पर आय से अधिक संपत्ति, मनी लॉन्ड्रिंग और विवादास्पद कारोबारी से संबंधों के आरोप लगना सरकार की विश्वसनीयता पर गहरा आघात है। यह परिघटना नई नहीं है; नेपाल की राजनीति में अक्सर ऐसा देखा गया है कि सत्ता में आने के बाद नैतिकता और पारदर्शिता के दावे धीरे-धीरे विवादों में उलझ जाते हैं।

नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता के पीछे कई कारण हैं। सबसे पहले, मजबूत संस्थागत ढांचे की कमी, जिसके कारण सरकारें व्यक्तिगत और गुटीय हितों के दबाव में आ जाती हैं। दूसरा, गठबंधन राजनीति की जटिलता, जहां छोटे दलों का समर्थन बनाए रखना किसी भी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। तीसरा, जनता की बढ़ती अपेक्षाएं। विशेषकर युवाओं की, जो त्वरित और ठोस बदलाव चाहते हैं। जब ये अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो असंतोष तेजी से विरोध में बदल जाता है।

बालेन शाह सरकार के कुछ निर्णय, जैसे छात्र संघों पर प्रतिबंध और भारत से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाना, भी विवाद का कारण बने हैं। ये मुद्दे केवल प्रशासनिक या आर्थिक नहीं, बल्कि गहरे राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व रखते हैं। नेपाल और भारत के बीच गहरे आर्थिक व सांस्कृतिक संबंध हैं, ऐसे में इन फैसलों का प्रभाव व्यापक और संवेदनशील होता है। इतिहास के आईने में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उभरता है कि क्या नेपाल फिर उसी चक्र में फंसने जा रहा है, जहां सरकारें आती हैं, उम्मीद जगाती हैं और फिर आरोपों व असंतोष के बोझ तले गिर जाती हैं। मौजूदा संकेत यही बताते हैं कि यदि बालेन शाह सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को प्राथमिकता नहीं दी, तो उसका भविष्य भी अपने पूर्ववर्तियों से अलग नहीं होगा। कुल मिलाकर, नेपाल इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। यदि यह सरकार अपने ऊपर लगे आरोपों का निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान निकालती है तथा संस्थागत सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठाती है, तो वह इस दुष्चक्र को तोड़ सकती है। अन्यथा, सत्ता परिवर्तन का यह सिलसिला जारी रहेगा और जनता की उम्मीदें बार-बार टूटती रहेंगी।

■ हरिनारायण मिश्रा




- **वृषभ राशि**:- समय साधारण है अनावश्यक कार्यों से दूर रहें यात्रा करने से बचें।
- **मिथुन राशि**:- सितारे शानदार हैं कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी मन प्रसन्न रहेगा।
- **कर्क राशि**:- समय की अनुकूलता आपके पक्ष में आ रही है संतान से जुड़ी हुई समस्या दूर होगी शिक्षा संबंधी कार्य होंगे।
- **सिंह राशि**:- आज समय ठीक नहीं है जरूरी कामकाज करने से बचें खर्च बढ़ेगा।
- **कन्या राशि**:- समय शानदार है मन प्रसन्न रहेगा आत्मविश्वास में वृद्धि होगी कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा।
- **तुला राशि**:- समय आज ठीक नहीं है घर-परिवार को लेकर परेशानी बढ़ सकती है किसी से बहस हो सकती है।
- **वृश्चिक राशि**:- समय शानदार है कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा मन प्रसन्न रहेगा।
- **धनु राशि**:- सितारे आज ठीक नहीं हैं कामकाज की स्थिति परेशानी से भरी रहेगी धैर्य रखें।
- **मकर राशि**:- समय शानदार बना हुआ है इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्य तेजी से करें।
- **कुंभ राशि**:- समय अनुकूल है, स्थिति आपके पक्ष में बनी हुई है आवश्यक कार्य योजना बनाकर तेजी से करें।
- **मीन राशि**:- समय आज से ठीक हो रहा है भाग्य में आ रहे अवरोध दूर होंगे प्रेम संबंध सुधरेंगे।
- **मेष राशि**:- समय शानदार है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी प्रेम संबंध सुधरेंगे।



भारतीय लोकतंत्र संवाद, सहिष्णुता और विचारों के सम्मान की नींव पर खड़ा है, जहां असहमति भी एक स्वस्थ प्रक्रिया मानी जाती है। लेकिन जब यही असहमति कटुता और अमर्यादित भाषा में बदलने लगे, तो लोकतांत्रिक मूल्यों पर संकट गहराने लगता है। वर्तमान राजनीति इसी चिंताजनक बदलाव के दौर से गुजरती प्रतीत हो रही है।

# राजनीति में भाषा की गिरावट और लोकतांत्रिक संकट

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता और संवाद की परंपरा रही है। यहां मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु मनभेद कभी आदर्श नहीं माने गए और न ही स्वीकार्य। दुर्भाग्यवश, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यह संतुलन लगातार बिगड़ता दिखाई दे रहा है। राजनीति में विचारों की असहमति अब शब्दों की कटुता में बदल रही है, और यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की गरिमा पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। यह सत्य है कि भारतीय राजनीति में अमर्यादित भाषा का इतिहास कोई नया नहीं है। विभिन्न दौरों में हमारे नेताओं ने तीखी और कभी-कभी असभ्य टिप्पणियों का सहारा लिया है। किंतु आज का समय कुछ अलग है। यह एक ऐसा दौर है, जहां राजनीतिक ध्रुवीकरण अपने चरम पर पहुंचता प्रतीत होता है। विचारधाराओं के बीच खिंची रेखाएं अब खाई में बदल चुकी हैं और इस खाई को पाटने की बजाय शब्दों के तीर उसे और गहरा कर रहे हैं।

**हाल** ही में हुई एक घटना ने इस प्रवृत्ति को फिर उजागर किया, जब एक वरिष्ठ विपक्षी नेता द्वारा देश के प्रधानमंत्री के लिए अत्यंत कठोर शब्दों का प्रयोग किया गया। बाद में दी गई सफाई ने विवाद को शांत करने का प्रयास अवश्य किया, किंतु मूल प्रश्न यथावत बना रहा कि क्या सार्वजनिक जीवन के शीर्ष पर बैठे व्यक्तियों से ऐसी भाषा की अपेक्षा की जा सकती है? क्या यह लोकतांत्रिक संवाद की मर्यादा के अनुरूप है? विशेष रूप से तब, जब वक्ता स्वयं एक अत्यंत अनुभवी राजनेता हों, जिनसे राजनीतिक परिपक्वता और संयम की अपेक्षा स्वाभाविक रूप से कहीं अधिक होती है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल सत्ता की आलोचना तक सीमित नहीं होती; वह वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने और स्वस्थ संवाद को बनाए रखने की भी जिम्मेदारी निभाता है। यदि वही विपक्ष अपनी भाषा में संतुलन खो दे, तो लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता स्वतः गिरने लगती है।

**यह** भी विचारणीय है कि क्या ऐसी टिप्पणियां केवल क्षणिक भावनाओं का परिणाम होती हैं या इसके पीछे गहरे राजनीतिक दबाव और प्रतिस्पर्धा की भावना काम करती है। लंबे समय तक विपक्ष में रहने की निराशा, सत्ता प्राप्ति की तीव्र आकांक्षा और राजनीतिक अस्तित्व बनाए रखने की चुनौती, ये सभी भाषा को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन क्या ये कारण अमर्यादित अभिव्यक्ति को उचित ठहराते हैं? इसका उत्तर नकारात्मक ही होगा। राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं है, यह समाज के लिए आदर्श स्थापित करने का माध्यम भी है। जब जनप्रतिनिधि मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, तो उसका प्रभाव समाज के व्यापक वर्ग पर पड़ता है। संवाद की जगह विवाद और तर्क की जगह तंज लेने लगते हैं। परिणामस्वरूप, लोकतंत्र की वह मूल भावना, जिसमें संवाद और सहमति का स्थान सर्वोपरि होता है, धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है।

**अब** समय की मांग है कि सभी राजनीतिक दल और उनके नेता आत्ममंथन करें। मतभेदों को व्यक्त करना आवश्यक है, लेकिन उसकी भाषा सभ्य और संयमित होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावों से नहीं, बल्कि संवाद की गुणवत्ता से तय होती है। यदि भाषा विषैली होगी, तो विचार भी कलुषित होंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीति में शब्दों की मर्यादा पुनः स्थापित हो। क्योंकि अंततः लोकतंत्र केवल नीतियों से नहीं, बल्कि संवाद की संस्कृति से जीवित रहता है।


■ जसवंत सिंह राजपूत

प्रकृति/परंपरा

## कछुओं की विविध दुनिया



# भोजन, आवास और विशेषताएं



धरती के सबसे प्राचीन जीवों में शामिल कछुए अपनी धीमी चाल, कठोर कवच और विविध जीवनशैली के कारण बेहद रोचक हैं। उनकी प्रजातियों, खान-पान और आवास में अद्भुत विविधता देखने को मिलती है, जो उन्हें खास बनाती है।

दुनियाभर में कछुओं की लगभग 350 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इन्हें मुख्य रूप से तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है, समुद्री कछुए, मीठे पानी के कछुए और स्थलीय कछुए। प्रत्येक वर्ग का अपना अलग पारिस्थितिकी तंत्र, शरीर संरचना और जीवन जीने का तरीका होता है। समुद्री कछुए महासागरों में पाए जाते हैं, जबकि मीठे पानी के कछुए नदियों और झीलों में रहते हैं। वहीं स्थलीय कछुए जमीन पर जीवन व्यतीत करते हैं।

### जल के मांसाहारी शिकारी कछुए

कुछ कछुए पूरी तरह मांसाहारी होते हैं और छोटे जलीय जीवों, मछलियों तथा जेलीफिश पर निर्भर रहते हैं। उदाहरण के लिए स्नैपिंग कछुआ और लेदरबैक कछुआ अपने आक्रामक स्वभाव और तेज शिकार कौशल के लिए जाने जाते हैं। ये अधिकतर गहरे पानी या दलदली क्षेत्रों में पाए जाते हैं और खाद्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

### शाकाहारी कछुए: प्रकृति के शांत जीव

शाकाहारी कछुए मुख्य रूप से घास, पत्तियां, फल और शैवाल खाते हैं। स्थलीय कछुए जैसे भारतीय स्टार कछुआ और गैलापागोस कछुआ इस श्रेणी में आते हैं। इनके दांत नहीं होते, पर मजबूत जबड़े पौधे चबाने में सक्षम होते हैं। ये प्रजातियां शुष्क और घास वाले क्षेत्रों में पाई जाती हैं व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं।

### सर्वाहारी कछुए: संतुलित भोजन वाले जीव

सर्वाहारी कछुए पौधों और जीवों दोनों का सेवन करते हैं। रेड-ईयर्ड स्लाइडर और हॉक्सबिल कछुआ इस श्रेणी के प्रमुख उदाहरण हैं। इनका भोजन उम्र और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार बदलता रहता है। ये कछुए अनुकूलन क्षमता के कारण वातावरण में आसानी से जीवित रह सकते हैं।

### आवास के आधार पर कछुओं का वितरण



कछुओं का वितरण उनके आवास के अनुसार अलग-अलग होता है। समुद्री कछुए महासागरों में लंबी दूरी तय करते हैं और अंडे देने के लिए तटों पर आते हैं। मीठे पानी के कछुए नदियों, झीलों और तालाबों में पाए जाते हैं, जबकि स्थलीय कछुए शुष्क, रेगिस्तानी और घास वाले क्षेत्रों में निवास करते हैं। भारत में भी कई प्रजातियाँ गंगा और समुद्री तटों पर देखी जा सकती हैं।

### संरचना और व्यवहार में अंतर

कछुओं की बनावट उनके आवास के अनुसार विकसित होती है। समुद्री कछुओं के फ्लिपर तैरने के लिए अनुकूल होते हैं, जबकि स्थलीय कछुओं के पैर मजबूत और मोटे होते हैं ताकि वे जमीन पर चल सकें। मीठे पानी के कछुओं में दोनों प्रकार की विशेषताएं देखने को मिलती हैं। इनके कवच का आकार और वजन भी इनके जीवनशैली के अनुसार अलग-अलग होता है।

### विविधता में छिपी अनोखी विशेषता

कछुए अपनी विविध प्रजातियों, खान-पान और आवास के कारण जीव-जगत में विशेष स्थान रखते हैं। शाकाहारी, मांसाहारी और सर्वाहारी तीनों प्रकार के कछुए पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी यह विविधता ही उन्हें अध्ययन और संरक्षण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बनाती है।

## टोडा जनजाति की अनोखी कहानी

# एक पत्नी, कई पति और भैंस का मंदिर

भारत की सांस्कृतिक विविधता जितनी समृद्ध है, उतनी ही चौंकाने वाली भी। यहां कुछ परंपराएं ऐसी हैं, जो आधुनिक सोच से बिल्कुल अलग दिखाई देती हैं। नीलगिरि की पहाड़ियों में बसने वाली टोडा जनजाति ऐसी ही एक दुनिया की झलक दिखाती है जहां भैंस केवल पशु नहीं, बल्कि देवता है और कभी एक ही महिला से पूरे परिवार के भाई विवाह करते थे। सुनने में अजीब लगने वाली ये परंपराएं दरअसल सदियों पुरानी जीवनशैली और कठिन परिस्थितियों से जुड़ी गहरी समझ का परिणाम हैं।





### आस्था का केंद्र है भैंस

टोडा जनजाति की धार्मिक मान्यताओं में भैंस का स्थान सर्वोच्च है। उनकी लोककथाओं के अनुसार, उनके देवता 'ओन' ने सबसे पहले पवित्र भैंसों को पृथ्वी पर उतारा और उसी से मानव जीवन की शुरुआत हुई। यही कारण है कि टोडा समाज में भैंसों को पूजा जाता है। यहां तक कि दूध निकालने वाले स्थान को मंदिर जैसा दर्जा दिया जाता है और इसके लिए विशेष पुजारी नियुक्त होते हैं।

### एक दुल्हन, कई पति

टोडा समाज की सबसे चर्चित परंपरा रही है बहुपति प्रथा, जिसमें एक ही परिवार के सभी भाई एक महिला से विवाह करते थे। हालांकि आज यह प्रथा लगभग समाप्त हो चुकी है, लेकिन कभी यह उनकी सामाजिक संरचना का अहम हिस्सा थी। जब महिला गर्भवती होती थी, तो एक विशेष रस्म के तहत उसे धनुष-बाण दिया जाता था, जिससे यह तय होता था कि बच्चे का सामाजिक पिता कौन होगा। यह परंपरा केवल सामाजिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक कारणों से भी जुड़ी थी। सीमित संसाधनों, खासतौर पर भैंसों और जमीन को बांटने से बचाने के लिए परिवार एक ही इकाई बना रहता था। इससे न केवल संपत्ति सुरक्षित रहती थी, बल्कि पारिवारिक एकजुटता भी बनी रहती थी।

### अनोखी बस्तियां

टोडा लोगों की बस्तियों को 'मंड' कहा जाता है, जो अपनी अनूठी बनावट के कारण किसी फिल्मी सेट जैसी प्रतीत होती हैं। यहां 'डोगल्स' नामक आधे बैरल के आकार की झोपड़ियां होती हैं, जो बांस और घास से बनाई जाती हैं। यह डिजाइन उनके प्रकृति के साथ तालमेल का उदाहरण है।

### जीवनशैली और परंपराएं

टोडा समुदाय पारंपरिक रूप से शाकाहारी होता है। दिलचस्प बात यह है कि टोडा धर्म में लगभग 1800 देवी-देवताओं का उल्लेख मिलता है, जिनमें 'ओन' और 'टोकिस्य' प्रमुख हैं। उनके प्रमुख अनुष्ठानों में 'कोना शास्त्र' (बछड़े की बलि) और अंतिम संस्कार शामिल हैं, जहां मृतक के साथ परलोक यात्रा के लिए भैंसों की बलि दी जाती थी। हालांकि इन परंपराओं में बदलाव देखने को मिल रहा है।

## ऋषिकेश से आगे छुपा रोमांच



# 'मिनी गरतांग गली' का लकड़ी का ब्रिज और सीक्रेट वाटरफॉल

अगर आपको लगता है कि ऋषिकेश की हर खूबसूरत जगह आप देख चुके हैं, तो जरा ठहरिए, असली रोमांच अभी बाकी है! भीड़भाड़ वाले घाटों और कैफे से दूर, पहाड़ों के बीच छुपी एक ऐसी जगह है जहां प्रकृति, एडवेंचर और सन्नाटा एक साथ आपका इंतजार करते हैं मिनी गरतांग गली। यह जगह न सिर्फ एक अनोखे लकड़ी के पुल के लिए मशहूर है, बल्कि यहां का सीक्रेट वाटरफॉल इसे और खास बना देता है।

### लकड़ी का पुल: हवा में चलता रोमांच



मिनी गरतांग गली, जिसे कोटली भेल ट्रेक के नाम से भी जाना जाता है। ऋषिकेश से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां गंगा नदी के ऊपर बना लगभग 136 मीटर लंबा और 1.8 मीटर चौड़ा लकड़ी का संकरा पुल आपको रोमांच का असली अहसास कराता है। इस पुल पर चलते हुए नीचे बहती गंगा और चारों ओर फैली हरियाली देख लगता है जैसे कल्पना लोक की सैर कर रहे हों।


### भीड़ से दूर, सुकून के करीब

मिनी गरतांग गली आपको एक ऐसा अनुभव देती है, जहां प्रकृति अपनी असली खूबसूरती में नजर आती है। घने जंगल, गंगा के किनारे बहती ठंडी हवा और चारों ओर फैला सन्नाटा, यह जगह मन को शांति देने के साथ एक अलग तरह की ऊर्जा भी देती है। यहां आप बिना किसी शोर-शराबे के प्रकृति के बीच समय बिता सकते हैं, हर कदम पर नए दृश्य कैमरे में कैद कर सकते हैं।

### जरूरी चीजों का रखें ध्यान

यहां जाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी। ट्रेकिंग हेतु आरामदायक जूते पहनें, ताकि फिसलन या थकान की समस्या न हो। अपने साथ पर्याप्त पानी और हल्का भोजन जरूर रखें, क्योंकि आसपास सुविधाएं सीमित हैं। मानसून के दौरान रास्ते फिसलन भरे हो सकते हैं, इसलिए इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतें।

### सीक्रेट वाटरफॉल: ठंडे पानी का छुपा खजाना



ट्रेक के दौरान आपको एक छुपा हुआ झरना (कौडियाला झरना) मिलता है, जो इस जगह का सबसे खूबसूरत सरप्राइज है। बर्फ जैसे ठंडे पानी में पैर डालते ही सारी थकान गायब हो जाती है। यहां का शांत माहौल आपको प्रकृति के बेहद करीब ले जाता है।

# होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा आज से, 25 लाख अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे

**एजेंसी समाचार**

लखनऊ। होमगार्ड भर्ती के करीब 42 हजार पदों के लिए लिखित परीक्षा शनिवार से शुरू होगी, जो सोमवार तक दो पालियों में चलेगी। लगभग 25 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। भर्ती बोर्ड ने नकल रोकने और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

होमगार्ड के करीब 42 हजार पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन शनिवार से होगा। सोमवार तक यह परीक्षा रोजाना दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें करीब 25 लाख अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा को निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। परीक्षा के दौरान तीन दिन तक प्रदेश पुलिस अलर्ट पर रहेगी। शनिवार को पहले दिन की परीक्षा में शामिल होने के लिए लाखों



अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों तक आने शुरू हो गए हैं।

भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर ने बताया कि श्रावस्ती को छोड़कर अन्य सभी जिलों में एक हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सकुशल आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जिनकी देखरेख में प्रश्नपत्र जिलों के स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में पहुंच चुके हैं।

परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त रहेंगे। सभी जिलों के पुलिस प्रभारियों को इस बाबत पूर्व में निर्देश दिए जा चुके हैं। परीक्षा में सेंध लगाने का प्रयास करने वालों पर कई एजेंसियां पैनी नजर रख रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर परीक्षा से संबंधित जानकारी आदि का प्रचार-प्रसार करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

वहीं सीएम योगी ने भी बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा की समीक्षा करने के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

सर्वाधिक रिक्तियों वाले टॉप-10 जिले

कानपुर नगर - 1947
लखनऊ - 1371
आगरा - 1232
प्रयागराज- 1219
हरदोई - 1072
वाराणसी - 1004
सीतापुर - 927
जौनपुर - 900
आजमगढ़ - 867
गोरखपुर - 830

# प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर, आग उगल रहे कई शहर, तापमान 45 के पार; वार्म नाइट का अलर्ट



**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में भीषण गर्मी का असर जारी है। प्रयागराज 45.2 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म शहर रहा। 45 जिलों में लू और 21 जिलों में वार्म नाइट की चेतावनी जारी हुई है। 26 अप्रैल से बूंदाबांदी और तापमान में गिरावट से राहत मिलने की संभावना है।

उत्तरप्रदेश में प्रचंड गर्मी अपने पूरे रंग में है। शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाके भीषण गर्मी के चपेट में रहे। तपिश के प्रकोप से अब जनजीवन और लोगों का कामकाज प्रभावित होने लगा है। प्रयागराज, वाराणसी, हरदोई, आगरा, मेरठ,अलीगढ़ और शाहजहांपुर जैसे शहरों भयानक लू के थपेड़ों का प्रकोप रहा और दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। 45.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं 44.3 डिग्री, बांदा और हमीरपुर में 44.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि 26 अप्रैल से यूपी में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बूंदाबांदी होगी और तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। साथ ही लू के थपेड़ों और तपिश से राहत मिलेगी।

हालांकि शनिवार के लिए भी मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के 45 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया गया है। वहीं पश्चिम के 21 जिलों में वार्म नाइट की आशंका जताई गई है। आंचलिकमौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल से एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश भर में बादलों की सक्रियता बढ़ेगी और पश्चिमी यूपी समेत विभिन्न इलाकों में बूंदाबांदी से पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी।

# एक किलोवाट के कनेक्शन पर बैलेंस निगेटिव तो 30 दिन तक नहीं कटेगी बिजली, पहले भेजे जाएंगे पांच मैसेज

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में एक किलोवाट तक के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। बैलेंस निगेटिव होने पर भी 30 दिन तक बिजली कनेक्शन नहीं कटेगा। कटौती से पहले पांच एसएमएस अलर्ट भेजे जाएंगे। दो किलोवाट कनेक्शन वालों को 200 रुपये तक निगेटिव बैलेंस पर भी राहत मिलेगी। प्रदेश में एक किलोवाट तक के घरेलू विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को सरकार ने बड़ी राहत दी गई है। बैलेंस निगेटिव होने पर भी 30 दिनों तक कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने साफ किया कि निगेटिव बैलेंस की स्थिति में एक माह का चक्र पूरा होने से पहले किसी भी स्थिति में कनेक्शन काटा नहीं जाएगा। कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ताओं को 5 अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएंगे। इसी तरह 2 किलोवाट के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन 200 रुपये तक के निगेटिव बैलेंस पर भी नहीं काटा जाएगा। इनके लिए भी 5 चरणों में एसएमएस देना होगा।

# सिंचाई विभाग सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने की बैठक,लंबित मांगों, समस्याओं व समाधान पर हुई चर्चा

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग।** रायबरेली रोड उतरटिया स्थित सिंचाई विभाग के वाल्मी भवन कार्यालय में शुक्रवार अपराह्न शाखा अध्यक्ष ई० संदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एकता, विश्वास और संघर्ष के प्रतीक सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ वाल्मी शाखा ने एक बैठक की । बैठक में सिंचाई विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर्स के लंबित मामलों 4800 ग्रेड पे, पुरानी पेंशन योजना, दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके जूनियर इंजीनियर्स के स्थायीकरण, मानव संपदा पोर्टल पर सदस्यों की सेवा संबंधी प्रविष्टियों को पूर्ण करने, मोटरसाइकिल भत्ता व अभियंताओं की अन्य समस्याओं पर चर्चा कर उनके शीघ्र निस्तारण पर विचार विमर्श कर उच्च अधिकारियों द्वारा त्रैमासिक बैठक न किए जाने पर रोष व्यक्त किया । बैठक का संचालन कर रहे इंजीनियर संजीव कुमार ने बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों और अभियंताओं का आभार प्रकट किया । इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष नितेंद्र श्रीवास्तव, सिंचाई विभाग वाल्मी शाखा के शाखा सचिव राजेश कुमार, सहायक अभियंता बीसी पाण्डेय, हेमंत रावत, इंजीनियर पवन मिश्रा, राम बहादुर, अजय श्रीवास्तव, रवि प्रकाश, अंबरीश द्विवेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे ।

# यातायात आरक्षी से कार चालक पर अभद्रता, थप्पड़ मार हंगामा करने का लगाया आरोप, केस दर्ज

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग** , कृष्णा नगर कोतवाली में एक यातायात आरक्षी से कार चालक पर अभद्रता थप्पड़ मारकर हंगामा करने का आरोप लगा गाडी नम्बर के आधार पर केस दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया यातायात आरक्षी हीरालाल के अनुसार बुधवार 22 अप्रैल को उसकी डियूटी कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित पिकेडली तिराहे पर दोपहर तीन बजे से ग्यारह बजे तक थी। आरोप है कि वह पिकैडली तिराहे पर शाम समय सुगम तरीके से हाथों के संकेतो द्वारा यातायात चला रहा था। उस दौरान उसने बाराबिरवा की तरफ का यातायात उसने रुकवाया । लेकिन हाथो के संकेतो द्वारा लोकबन्धु की तरफ का यातायात चलाया जा रहा था लेकिन इसी दौरान बाराबिरवा की तरफ से एक सफेद रंग की कार संख्या यूपी 32 जे पी 9519 चालक ने यातायात रूकने के बावजूद जबरदस्ती उसके द्वारा मना करने पर रुका और उसके हाथ में जोर से थप्पड़ मार उसका मोबाईल नीचे गिरा गाड़ी आगे बढाते हुये गाली गलौज कर बिच सड़क पर गाड़ी खड़ा विडियो बनाने लगा । वहीं पीड़ित यातायात कर्मी का कहना था उसके मना करने के बावजुद उक्त वाहन चालक आगे बढाकर बीच सड़क पर तिरछा बेड़ा खड़ा कर यातायात बाधित करने लगा रोड जाम कर सरकारी कार्य में बाधा डाला तथा गाड़ी मोड़कर उपर चढाने का प्रयास करते हुए फरार हो गया। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित आरक्षी की शिकायत पर केस दर्ज कर गाडी नम्बर के आधार पर आरोपित गाडी चालक की तलाश की जा रही है।

# केसरी खेड़ा में उपमुख्यमंत्री की पत्नी नम्रता पाठक ने किया आरसीसी रोड का शिलान्यास

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग।** कृष्णा नगर के केसरी खेड़ा वार्ड कनौसी क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोगों को कैंट विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता रविंद्र पाल की पहल पर कनौसी फाटक से लेकर ललित पाल के मकान तक आरसीसी रोड निर्माण का सौगात मिला है, शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को इस समस्या से निजात दिलाया है।इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा और वर्षो पुरानी जलनिकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान कराया जाएगा।

# अमौसी में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: 12 करोड़ की सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम अमौसी, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में टीम ने मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

इस अभियान में सहायक नगर आयुक्त/प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार नगर निगम अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया। ग्राम अमौसी स्थित गाटा संख्या 1287 (क्षेत्रफल 1.868 हेक्टेयर), 1292 (क्षेत्रफल 0.286 हेक्टेयर) एवं 1293 (क्षेत्रफल 0.955 हेक्टेयर) की ऊसर श्रेणी की नगर निगम निहित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

इन शासकीय भूमियों पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से खेती कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था, जिससे भूमि को नुकसान पहुंच रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से खाई खोदकर भूमि को सुरक्षित करते हुए अपने कब्जे में ले लिया।

इस अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम रत्नेश कुमार ने किया। उनके साथ नगर निगम लेखपाल अजीत तिवारी, तहसील लेखपाल संजय शुक्ला सहित नगर निगम की ईटीएफ फोर्स भी मौके पर मौजूद रही।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई के तहत करीब 12 करोड़ रुपये मूल्य की बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है।

# जनगणना प्रशिक्षण में लापरवाही पर सख्ती, अनुपस्थित कर्मियों पर होगी एफआईआर

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार सुबह अपर प्रमुख जनगणना



अधिकारी एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन-4 स्थित मॉडर्न अकैडमी, विराम खंड-5 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीन कक्षाओं में चल रहे प्रशिक्षण सत्रों का जायजा लिया और उपस्थित प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का उत्साहवर्धन किया। नगर आयुक्त ने प्रशिक्षण में दी जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। विशेष रूप से भोजन और पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

21 अप्रैल 2026 से शुरू हुए तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहने या कार्य से इनकार करने पर जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। धारा 11 के प्रावधान के अनुसार, यदि कोई नियुक्त अधिकारी बिना उचित कारण अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता या लापरवाही बरतता है, तो उसे तीन साल तक की सजा, जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। यह एक संज्ञेय अपराध है।

नगर निगम के विभिन्न जोनों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जोन-3 में केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर-जे अलीगंज, जोन-4 में मॉडर्न अकैडमी विराम खंड-5 और लखनऊ पब्लिक स्कूल विराट खंड-4, जोन-5 में मानस नगर स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड तथा जोन-7 में इरम पब्लिक कॉलेज और सेंट डोमिनिक सेवियो कॉलेज, इंदिरा नगर में और जोन-8 स्थित जीडी गोएनका स्कूल सुशांत गोल्फ सिटी में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

प्रशासन ने बताया कि प्रशिक्षण में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसलिए अनुपस्थिति का कोई भी कारण स्वीकार नहीं किया जाएगा। अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी और लगातार अनुपस्थिति या कार्य से बचने की स्थिति में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

24 अप्रैल 2026 को प्रशिक्षण के दौरान बड़ी संख्या में कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जोन-3 में 248, जोन-4 में 156, जोन-5 में 24, जोन-7 में 82 और जोन-8 में 55 प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए।

# नारायण एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस, लखनऊ के असाधारण परिणामों की घोषणा

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ** में नारायण एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस, जानकीपुरम में जेईई मेन दो हजार छब्बीस और सीबीएसई कक्षा दस दो हजार पच्चीस और छब्बीस परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की विरासत को मजबूत किया है।

जेईई मेन दो हजार पच्चीस और छब्बीस के परिणामों में संस्थान ने एयर तीन प्राप्त किया, साथ ही महिला एयर एक, ओबीसी (एनसीएल) एयर एक और सामान्य (ईडब्ल्यूएस) एयर एक भी हासिल किया। इसके अतिरिक्त, नारायण के सताइस विद्यार्थियों ने टॉप सौ में जगह बनाई और एक सौ तिहत्तर विद्यार्थी टॉप एक हजार में शामिल हुए, जिनमें से सात विद्यार्थियों ने सौ प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उत्तर प्रदेश में, दो सौ सैंतीस छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया, जिनमें से सत्रह छात्रों ने निन्यानबे प्रतिशत से ऊपर स्कोर किया।

सीबीएसई कक्षा दस के परिणामों में सौ प्रतिशत पास प्रतिशत रहा, जिसमें उन्नीस छात्रों ने नब्बे प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए और नौ छात्रों ने आईटी में पूर्ण अंक हासिल किए।

शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल हैंः - उमिका कथ सत्तानब्बे दशमलव चार प्रतिशत - पाखी मिश्रा छियानबे प्रतिशत - कार्तिकेय त्रिपाठी चौरानबे दशमलव आठ

इस सफलता का श्रेय संगठित शैक्षणिक योजना, अनुभवी शिक्षकों और सतत प्रदर्शन मूल्यांकन को जाता है। विद्यार्थियों का सम्मान करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल नेतृत्व और अभिभावक उपस्थित थे। यह सफलता निर्देशक शरनी पोंगुरु और रवि तेजा के मार्गदर्शन में हासिल हुई है, जिनके नेतृत्व ने निरंतर उत्कृष्टता को प्रेरित किया है। नारायण एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस सभी छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

# बीएलएस इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, मिठाई खिलाकर दी बधाई

**एजेंसी समाचार**

लखनऊ। BLS इंटर कॉलेज, ठाकुरगंज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UP BoÔrd) हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण हुए एवं बेहतर अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से युशरा नौशाद (93 प्रतिशत), मोहम्मद शारिक (86 प्रतिशत), सुप्रिया सैनी (85 प्रतिशत), अनमोल साहू (85 प्रतिशत) आलोक साहू (82 प्रतिशत) एवं चेतन साहू (82 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय के मैनेजर संदीप साहू ने कहा कि ह्ययह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।ह्व इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, उप प्रधानाचार्य रोमा जाफरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे परिसर में खुशी का माहौल रहा और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।




# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण शुरू

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से किशोरियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जनपद में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने बताया कि अक्सर इस कैंसर की पहचान देर से होती है, ऐसे में बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है और इसी उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

जनपद में 17 मार्च से वीरांगना अवन्तीबाई जिला महिला चिकित्सालय में तथा 7 अप्रैल से सभी 19 शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) (बेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को छोड़कर )पर एचपीवी टीकाकरण प्रारंभ कर दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह तीन माह का विशेष अभियान है। इसके तहत उन किशोरियों को पात्र माना गया है, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है, लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। साथ ही, वे किशोरियां जो अभियान शुरू होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली हैं, उन्हें भी इसमें शामिल किया गया है।



सभी पात्र किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन की सिंगल डोज दी जाएगी, जो एचपीवी के चार प्रमुख स्ट्रेन–06, 11, 16 और 18–से सुरक्षा प्रदान करती है। अभियान का लक्ष्य जनपद की लगभग 60 हजार किशोरियों का टीकाकरण करना है, जो कुल जनसंख्या का लगभग एक प्रतिशत है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। तीन माह की अवधि पूर्ण होने के बाद यह टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है और इसके लिए अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। अभिभावक यू-विन पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कर डिजिटल सहमति दे सकते हैं। इंटरनेट की उपलब्धता न होने पर लिखित सहमति ली जाएगी, जिसे बाद में पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा स्कूल आईडी कार्ड मान्य होंगे। टीकाकरण प्रमाणपत्र भी यू-विन पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा।

अभियान के क्रियान्वयन में शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद यदि बुखार, सिरदर्द, मतली या चक्कर जैसे हल्के लक्षण दिखाई देते हैं, तो पैरासिटामोल दी जा सकती है तथा पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी जाती है। इंजेक्शन वाली जगह पर दर्द, सूजन या लालिमा होने पर बर्फ से सिकाई लाभकारी रहती है। अब तक किसी भी किशोरी में टीके से संबंधित गंभीर प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं मिली है।

अंत में उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, जिसका टीकाकरण के माध्यम से प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।टीका निःशुल्क है`

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ व्यापारियों का हल्ला बोल, मुख्यमंत्री को भेजा 9 सूत्रीय ज्ञापन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, उत्तर प्रदेश (पंजी.) की पीलीभीत इकाई ने स्मार्ट मीटरों में आ रही समस्याओं और विभागीय अनियमितताओं के विरोध में मुख्यमंत्री को 9 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर राहत की मांग की है। व्यापारियों का आरोप है कि प्रीपेड मीटरों में तकनीकी खामियों के चलते उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर समस्या के कारण भुगतान अपडेट न होने से घरों और दुकानों की बिजली काटी जा रही है। वहीं, बिना ठोस आधार के पुराने बकाए दिखाकर रिकवरी भेजे जाने और पीडी कनेक्शन पर अवैध वसूली के भी आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में व्यापार मण्डल ने प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त करने, मीटर के साथ संचालन मैनुअल व 5 वर्ष की गारंटी देने, स्वतंत्र लैब से जांच कराने और बिलिंग में पारदर्शिता लाने की मांग की है। साथ ही पोर्टल को अपडेट कर भुगतान के तुरंत बाद कनेक्शन चालू करने की व्यवस्था करने की भी मांग उठाई गई है।व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, नगर महामंत्री राशिद अंसारी, युवा विंग जिलाध्यक्ष शैली शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



स्मार्ट मीटर के खिलाफ ज्ञापन देते व्यापारी

# पंचायती राज दिवस पर गोष्ठी का किया गया आयोजन

## चंदिया हजारा में गोष्ठी में दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदिया हजारा में शुक्रवार को पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवालय कर्मियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजित की गई गोष्ठी में ग्रामीण विकास,पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है। जिसके माध्यम से गांवों का समग्र विकास संभव है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। शपथ में गांव, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, खुले में कचरा न फैलाने तथा स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प शामिल रहा। ग्रामीणों ने भी स्वच्छता बनाए रखने और सामूहिक सहयोग से गांव को आदर्श बनाने की प्रतिबद्धता जताई।पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वे विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी समस्या की जानकारी पंचायत स्तर पर साझा करें। कार्यक्रम के अंत में सचिवालय की ओर से सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान कई मौजूद रहे।

# विस्थापित किसानों के खाद संकट पर प्रशासन सक्रिय

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत चंदिया हजारा क्षेत्र में विस्थापित किसानों को पिछले कई दिनों से खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। प्रधान वासुदेव कुंडरु ने शिकायत की थी। पूरनपुर ब्लाक कि ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के विस्थापित किसानो को खाद का संकट वना रहता है। ग्राम प्रधान वासुदेव ने इस समस्या को लेकर एसडीएम को अबगत कराया था। जिसमे कहा था कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं है, जबकि निजी दुकानों पर ऊँचे दामों में बिक्री और कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। मामला तूल पकड़ने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है और एसडीएम ने निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित और पारदर्शी तरीके से खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि खेती का कार्य बाधित न हो। प्रशासनिक सक्रियता के बाद किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जमीनी स्तर पर आपूर्ति सुचारु नहीं होती, तब तक समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होगी।

# पिता को पीटकर पुत्र को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा मनोज कटियार ने बताया कि उसके पुत्र दिवांश की कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। फैक्ट्री के पास उसकी दुकान है। 22 अप्रैल को वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान लाठी डंडे से लेश होकर तीन अज्ञात वाइक सवार उसकी दुकान पर पहुंचे,और उन्होंने पुत्र के वारे में जानकारी कर पुत्र को जान से मार देने की धमकी दी। विरोध करने पर वाइक सवारो ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर तीनों ने मिलकर उसको मारा पीटा। शोर मचाने पर कई लोग मौके पर पहुंच गए। इस पर सभी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले,मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात वाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जल्द ही तीनो का पता लगाकर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। धमकी मिलने पर परिवार के लोग दहशत में है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल

## साढ़ू के घर शादी समारोह शामिल होने जा रहे थे दंपति

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई,जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र सुल्तानपुर निवासी आकाश शर्मा की पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी साढ़ू के घर शादी समारोह है। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी खुशबू के साथ साढ़ू के घर पुरनपुर आ रहा था। जेठापुर के पास तेज रफ्तार से आ रही बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तुरंत अस्पताल भिजवाया। जंहा डाक्टरों ने युवक आकाश को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार में चीत्कार मच गई। रोते हुए परिजन मौके पर पहुंचे, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बस की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों में घटना के बाद से कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। एकाएक हुए हादसे को लेकर शादी की खुशियां माता में बदल गई को जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ईंट भट्टे पर दिनदहाड़े हो रहा अवैध मिट्टी खनन

## प्रशासन की चुप्पी पर लोग उठा रहे सवाल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील पूरनपुर क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का धंधा संचालित हो रहा है। हालात यह हैं कि दिनदहाड़े और रात के अंधेरे में बिना किसी रोक-टोक के दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां मिट्टी का उठान कर रही हैं। लोगों का कहना है कि रोजाना रात करीब तीन बजे से यह अवैध खनन शुरू हो जाता है, लगातार जारी रहता है।खनन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों की तेज आवाज और लगातार आवागमन से पूरा इलाका गूंजता रहता है। ग्रामीणों ने बताता कि अवैध गतिविधि के चलते न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि सड़कों की हालत भी खराब होती जा रही है। कई जगहों पर कच्चे रास्ते टूट चुके हैं और धूल-धक्कड़ से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन माफिया इस काम को पूरी दबंगई के साथ अंजाम दे रहे हैं और उन्हें किसी भी प्रकार का प्रशासनिक डर नहीं है। बताया जा रहा है कि अवैध रूप से निकाली जा रही मिट्टी का इस्तेमाल एक बड़े प्लॉट के भराव में किया जा रहा है, जिससे लाखों रुपये का अवैध लेन-देन हो रहा है और सरकार को भारी राजस्व हानि उठानी पड़ रही है। प्रशासन की भूमिका पर सवाल इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की कार्यशैली पर उठ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस अवैध खनन की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं न कहीं जिम्मेदार विभागों की मिलीभगत या लापरवाही के चलते यह धंधा फल-फूल रहा है।

# राशन में कटौती का आरोप, कोटेदार के खिलाफ भड़के उपभोक्ता

## प्रति यूनिट 5 किलो के बजाय 4 किलो राशन देने की शिकायत, पूर्ति निरीक्षक से कार्रवाई की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** कस्बे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन में कटौती का मामला सामने आया है। नगरवासियों ने कोटेदार बनवारी लाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रति यूनिट मिलने वाला 5 किलो राशन उन्हें मात्र 4 किलो ही दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह समस्या कोई एक बार की नहीं, बल्कि हर वितरण में इसी तरह की घटतौली की जा रही है, जिससे गरीब परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों ने मामले की शिकायत पूर्ति निरीक्षक से की है और दोषी कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि शिकायत की जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# बाढ़ से निपटने को ड्रेनेज सिस्टम सुधार पर मंथन, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में वर्षा ऋतु में संभावित बाढ़ और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ड्रेनेज सिस्टम सुधार संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में नालों के निर्माण, चौड़ीकरण और साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए जल निकासी के स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। साथ ही मानचित्र व वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नदियों की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नदियों और नालों पर हो रहे अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र चिन्हांकन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा, ताकि आमजन को जलभराव से राहत मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



गांधी सभागार में जल भराव और बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी

# नवजात की मौत पर सख्ती, एमओआईसी पर कार्रवाई के संकेत



नवजात बच्चे की मौत की शिकायत लेकर आए पीड़ित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही के चलते नवजात की मौत के मामले में अब जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तैयारी तेज हो गई है। इस प्रकरण में स्टाफ नर्स को पहले ही हटाया जा चुका है। मृतक नवजात के पिता ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को लिखित शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सूत्रों के अनुसार, मामले में एमओआईसी के खिलाफ भी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

# माल जेवर नगदी लेकर महिला फुर्र, पुलिस को दी तहरीर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला बीतीरात घर में रखा माल जेवर और तीस हजार की नकदी लेकर फरार हो गई। सुवह महिला को घर ना पाकर परिवार के होश उड गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चला। घर के अंदर माल जेवर और नकदी गायव मिली। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया मामले की जांच कि जा रही है।

# गाजीपुर घटना को लेकर अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज ने सौंपा ज्ञापन

## मामले की जांच कराकर पीडित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गाजीपुर में हुई घटना के विरोध में अखिल भारतीय विश्वाकर्मा शिल्पकार ने तहसील पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया है। शुक्रवार को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गाजीपुर में हुई कथित घटना को लेकर विरोध जताते हुए प्रर्दशन करते हुए तहसील पहुंचे। जंहा उन्होंने एकत्र होकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गाजीपुर में रेप के बाद हत्या कर दी गई। सूचना पर परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री पर हमला कर दिया गया। इस पर समाज के लोगों में रोष है। ज्ञापन में कहा गया है कि घटना से समाज में आक्रोश है और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो समाज में असंतोष और बढ़ सकता है। ज्ञापन के माध्यम से दोषियों पर सख्त कार्रवाही करने और पीडित परिवार को सुरक्षा और मुआवजा दिलाया जाए। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाए और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। अन्य कई मांगो को पूरा कराए जाने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मामले को उच्च स्तर पर भेजने और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद रहे।

# बाइक कि आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार घायल

## शिक्षक व पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, रेफर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** घर पर जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वाईक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिनको उपचार के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढैय्या निवासी वेद प्रकाश किसी काम को लेकर सिमराया गया हुआ था।काम निपटाने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान बंडा नेशनल हाईवे पर पडने वाले सिमरिया मोड पर पूरनपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वेद प्रकाश सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को लेकर खलबली मच गई। पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।सहायता के लिए मौके पहुंचे एक शिक्षक ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को गाड़ी में बिठाकर उपचार के लिए पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुचाया।जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया है कि घटना से घायल को अस्पताल भेजा गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वाइक भी छतिग्रस्त हो गई।

# मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे डीएम, कम अंक वालों का भी बढ़ाया हौसला

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जल्द ही जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने उच्च अंक प्राप्त किए हैं, वे आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहें। साथ ही कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निराश न होने की सलाह देते हुए डीएम ने कहा कि असफलता या कम अंक अंत नहीं है, बल्कि आगे बेहतर करने का अवसर है। उन्होंने छात्रों से और अधिक मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। डीएम ने विश्वास जताया कि निरंतर प्रयास और लगन से सफलता अवश्य मिलेगी।

# शारदा नदी की बाढ़ सुरक्षा का विधायक ने किया शुभारंभ

## 15 करोड़ 75 लाख लाख रुपए की तीन परियोजनाओं का शुभारंभ किया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में बाढ़ से राहत दिलाने की दिशा में शारदा नदी पर प्रस्तावित 15.75 करोड़ रुपये की बाढ़ सुरक्षा सहित तीन परियोजनाओं का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक वावूराम पासबान ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यों की शुरूआत कराई गई। ट्रांस शारदा क्षेत्र के किनारे बसे गांवो में हर साल बाढ और कटान से जूझते है। इससे लोगों की फसले सहित कई चीजें प्रभावित होती है। जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समस्याओं के निस्तारण की मांग यंहा के लोगों ने भाजपा विधायक बाबू राम पासवान से मांग की थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराया।इसको लेकर धनराशि स्वीकृत कर ली गई। बाढ सुरक्षा सहित तीन परियोजनाओं के लिए 15 करोड 75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड गई। शुक्रवार को भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने पहुंच कर शारदा नदी के दाएं तट पर स्थिति सनेढी तटबंध पर पूर्व निर्मित स्पर संख्या 28,एवं 29 की पुनर्स्थापना तथा इसपर संख्य 28 से 30 के मध्य प्रक्युपाएंन लगाने के कार्यों की परियोजना लागत चार करोड़ छियानवे लाख, शारदा नदी के दाएं तट पर स्थिति स्नेधी तटबंध पर पूर्व निर्मित स्पर संख्या 11,12,13,एवं 14,की लॉन्चिंग एप्रन की पुनर्स्थापना तथा स्पर संख्या 10 से 15 एवं स्पर संख्या 16 से 17 के मध्य प्रक्युपाएंन लगाने के कार्यों की परियोजना लागत पांच करोड़ उनसठ लाख शारदा नदी के दाएं तट पर स्थित सनेढी तटबंध पर पूर्व निर्मित स्पर संख्या 02,03, एवं 04 की लांचिंग एप्रन की पुनर्स्थापना तथा स्पर संख्या 1से 04 के मध्य प्रक्युपाईन लगाने के कार्यों की परियोजना लागत पांच करोड़ 2 लाख रुपये की मरम्मत को लेकर भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने विधिवत पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यों की शुरूआत कराई गई।विधायक ने कहा कि शारदा नदी के किनारे बसे गांव हर वर्ष बाढ़ और कटान की समस्या से जूझते हैं। इससे किसानों की फसलें, आवास और जनजीवन प्रभावित होता है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और बाढ़ के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत नदी तटों का सुदृढ़ीकरण, तटबंधों की मरम्मत और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा कार्य कराए जाएंगे। साथ ही कटान रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे नदी के बहाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजनाओं के पूरा होने से तटवर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और ग्रामीणों के जीवन व संपत्ति की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


परियोजनाओं का शुभारंभ करते विधायक

# कस्बों और गांवों के धुरंधरों ने अपनी मेहनत का परिचय दिया





**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**कुंवरगांव, बदायूं।** यूपी बोर्ड के रिजल्ट में छोटे कस्बों और गांवों के धुरंधरों ने अपनी मेहनत का परिचय दिया। कस्बा निवासी भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष नितिन शर्मा की बेटी गौरी शर्मा ने हाईस्कूल में 93.33 प्रतिशत अंक हासिल किए और जिले में छठा स्थान प्राप्त किया है। गौरी द्रौपदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बदायूं की छात्रा हैं। गौरी का सपना प्रोफेसर बनने का है। गौरी की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है तो वहीं क्षेत्र के गांव गरुईया निवासी पप्पू के बेटे गुड्डू पाल ने हाईस्कूल में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। गुड्डू पाल वजीरगंज के एनआर इंटर कॉलेज के छात्र हैं। उनके परिवार में खुशी का माहौल है। गांव में लोगों का कहना है कि गुड्डू ने परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर उनके गांव का नाम रोशन किया है।

# सफाई कर्मचारियों ने किया थाने का घेराव, कार्रवाई की मांग

## मारपीट के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज न होने से नाराजगी, आश्वासन के बाद खत्म हुआ धरना

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**भुता, बरेली।** थाना क्षेत्र के गांव सिसैया में सफाई कर्मचारी के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। बताया गया कि दो दिन पूर्व पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारी गंगा शरण गांव सिसैया में नाले की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही मयंक और प्रताप सिंह ने उनके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत भुता थाने में की गई, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही कोई गिरफ्तारी हुई। इससे आक्रोशित पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर सैकड़ों कर्मचारी थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान कुछ समय के लिए थाने परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


थाने में सफाई कर्मचारी पुलिस से वार्ता करते हुए

# परचून दुकानदार के बेटे समर ने हाईस्कूल में लहराया परचम, 90.33% अंक हासिल

## गणित में 99 अंक, साधारण परिवार से निकलकर रचा सफलता का इतिहास

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**भुता, बरेली।** क्षेत्र के ग्राम शेखापुर निवासी समर शुक्ला ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। समर की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। आजाद इंटर कॉलेज, मीरपुर वाहनपुर के छात्र समर ने विशेष रूप से गणित विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 में से 99 अंक प्राप्त किए। समर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, विशेषकर गणित अध्यापक आरिफ सर को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रेरणा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। समर एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता विनोद कुमार शुक्ला गांव में एक छोटी परचून की दुकान चलाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। समर की मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि अभाव सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकते। रिजल्ट घोषित होते ही गांव में खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर और समर को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर की। सभी का कहना है कि समर की सफलता क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी। विद्यालय परिवार ने भी समर की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में समाधान अन्वेषिका कार्यशाला आयोजित



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में वर्कशॉप में भाग लेते बच्चे

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में ह्लआओ करके सीखें विज्ञानह्व विषय पर समाधान अन्वेषिका कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान के रोचक व व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ह्यसमाधान अन्वेषिकाह्ण का उद्देश्य छात्रों में समस्या-समाधान क्षमता, आलोचनात्मक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में सरल प्रयोगों के माध्यम से दबाव, मापन और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग को समझाया गया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने भी बच्चों को जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 8 के छात्र विप्लव कुशवाहा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बमरोली के आरपीएमपी इंटर कॉलेज के मेधावी पुरस्कृत



कस्बा बमरोली के आरपीएमपी इंटर कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए प्रबंध समिति के पदाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** कस्बा बमरोली के आरपीएमपी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को कॉलेज प्रबंधन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक प्रभात कुमार शंखधार एडवोकेट ने बताया कि विद्यालय में हाईस्कूल एवं इंटर का परीक्षाफल 95 फीसदी से अधिक रहा है।उन्होंने इसका श्रेय कॉलेज के सभी शिक्षक बंधुओं को देते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के प्रति अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास किया है। इस मौके पर कॉलेज के संस्थापक डॉ रामअवतार शर्मा, प्रकाश शर्मा,शालिनी शर्मा प्रधानाचार्य सुधीर कुमार शर्मा, रीतराम, कृष्ण कुमार वर्मा, विवेक अग्निहोत्री, अनुराग मिश्रा,कमीनी एवम किरन समेत लोग प्रमुख रूप से शिक्षक बंधु शामिल हुए।

# गैस के लिए घंटों भटके ग्रामीण, पुलिस पर अभद्रता के आरोप

## बीसलपुर सर्विस सेंटर पर अव्यवस्था, दरोगा पर धक्का-मुक्की व पक्षपात के आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बीसलपुर।** स्थित गैस सर्विस सेंटर पर शुक्रवार को अव्यवस्था का आलम देखने को मिला, जहां गैस सिलेंडर लेने पहुंचे ग्रामीणों को पूरे दिन परेशानी झेलनी पड़ी। दूर-दराज से आए लोग घंटों लाइन में लगे रहे, लेकिन व्यवस्था सुचारु न होने के कारण उन्हें गैस नहीं मिल सकी। ग्रामीणों ने बताया कि घरों में शादियां और दैनिक उपयोग के लिए गैस की सख्त जरूरत है, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। मौके पर मौजूद लोग कर्मचारियों से बात करना चाहते थे, लेकिन आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात दरोगा प्रवेश कुमार ने किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। लोगों का आरोप है कि दरोगा द्वारा बुजुर्गों तक के साथ धक्का-मुक्की की गई और केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही अंदर जाने दिया जा रहा था। इस दौरान कई पत्रकारों के साथ भी अभद्र व्यवहार किए जाने की बात सामने आई है। मामले से परेशान एक व्यक्ति ने मौके से ही पीलीभीत पुलिस अधीक्षक को फोन कर शिकायत की, जिसके बाद दरोगा मौके से चले गए। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और आरोपित कर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



# शुक्रवार बंदी का फरमान बेअसर, बीसलपुर में धड़ल्ले से खुल रहीं दुकानें

## प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां, बड़े कारोबारी भी नहीं मान रहे नियम



**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी का आदेश होने के बावजूद दुकानदार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने के बाद भी नगर की कई छोटी-बड़ी दुकानें पूरे दिन खुली रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खासकर बड़े सरार्फा बाजार और प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठान भी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इससे न केवल प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना हो रही है, बल्कि छोटे दुकानदारों पर भी इसका असर पड़ रहा है, जो नियमों का पालन करना चाहते हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि साप्ताहिक बंदी के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि सभी के लिए एक समान व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले मेधावी सम्मानित


मनीषा भारती 83.33%


आदित्य 84.33 %


शगुन जायसवाल 88.33 %


नव्या 83.33 %


प्रियांशु 83.2 %


आयुषी गौतम 84.6 %

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** नगर के धर्मेंद्र रश्मि पब्लिक इंटर कॉलेज में शुक्रवार को समारोह का आयोजन कर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और शानदार उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए। जिन छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा, "ये छात्र हमारे विद्यालय की शान हैं। उनकी सफलता न केवल उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय भी है। हम सभी उनसे प्रेरणा लेकर लगातार आगे बढ़ने की सीख ले सकते हैं। समारोह में छात्रों ने अपने अनुभव भी साझा किए और अपने शिक्षकों व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रबंधक धर्मेंद्र कुशवाहा,उदय कुशवाहा समेत लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


दीपक सागर 84 %


धर्मेंद्र रश्मि पब्लिक इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रबंध समिति के पदाधिकारी



# इंटर मियामी का जलवा बरकरार, 8 मैचों की अजेय लय कायम

**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी सीएफ ने एमएलएस मुकाबले में रिले साल्ट लेक को 2-0 से हराकर लगातार अपनी अजेय लय को 8 मैचों तक बढ़ा दिया। यह जीत टीम के लिए खास रही, क्योंकि उसने इस सीजन में बाहर (2-4) मैदान पर भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

### पहले हाफ में कड़ी टक्कर

मैच का पहला हाफ काफी प्रतिस्पर्धी रहा और दोनों टीमों को गोल करने के ज्यादा मौके नहीं मिले। लियोन मेस्सी ने 22वें मिनट में शानदार मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट गोलकीपर ने बचा लिया। इसके चलते हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

### दूसरे हाफ में बदला मैच का रुख

दूसरे हाफ में मैच ने रोमांचक मोड़ लिया। 59वें मिनट में इंटर मियामी के गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बढ़त लेने से बचाया। इसके बाद टीम ने आक्रामक खेल दिखाया।

### दे पॉल और सुआरेज़ ने दिलाई जीत

82वें मिनट में डी पुल ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके ठीक एक मिनट बाद 83वें मिनट में लुईस सुरेज ने दमदार हाफ वॉली के जरिए दूसरा गोल दागकर जीत पक्की कर दी।

# हरमनप्रीत कौर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## कप्तान के तौर पर टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया



**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 3000 रन पूरे कर लिए हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि गुरुवार को जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के तीसरे टी-20 मैच के दौरान हासिल की। ??उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे, और उनका स्ट्राइक रेट 173.68 रहा। हरमनप्रीत ने अब टी-20 में कप्तान के तौर पर 138 मैचों और 125 पारियों में 32.79 की औसत से 3,017 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका की चमारी अटापट्टू हैं, जिन्होंने 108 मैचों और 107 पारियों में 30.16 की औसत से 3,016 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

# बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों को खत्म कर रहा है

## आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने निकाली भड़ास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इस गवर्निंग बॉडी पर



हेक्टिक शेड्यूलिंग (बहुत ज़्यादा मैचों का शेड्यूल) के जरिए अपने खिलाड़ियों को खत्म करने का आरोप लगाया और जड्डर देकर कहा कि खिलाड़ियों को अपने परिवारों के साथ समय बिताने के लिए आराम का समय चाहिए। इससे पहले कई रिपोर्टों में कहा गया था कि हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल कथित तौर पर बीसीसीआई के इस फ़ैसले से खुश नहीं हैं कि आईपीएल 2026 सीजन के खत्म होने के कुछ ही दिनों बाद अफगानिस्तान के साथ टेस्ट मैच रखा गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी जिनमें कहा गया था कि IPL 2026 सीजन के बाद थकान के कारण सीनियर खिलाड़ियों को आने वाले इंटरनेशनल मैचों से आराम दिया जा सकता है।

# वैभव ने फिर रचा इतिहास

## सबसे तेज 500 रन आईपीएल में बनाए

### जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।







### मैच से पहले कार्टून देखते हैं वैभव

भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी हर बार मैच खेलने से पहले कार्टून देखते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसमें वैभव की टीम आरआर ने जीत हासिल की। इस दौरान जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने भोजपुरी में जवाब देते हुए कहा कि, सबके प्लान ईहे बा कि अगला मैच में अच्छा करे के बा, जीत के 2 पॉइंट ली, प्लेऑफ के तरफ बढ़ी।वैभव ने इस मैच में रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके।

### जडेजा ने 17वीं बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच

रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने ष्टस्य के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवॉर्ड जीता ।इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवॉर्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं।

### घर में लखनऊ की लगातार 7वीं हार

लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं।

### आर्चर बने आरआर के सबसे सफल गेंदबाज

जोफा आर्चर अब राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनके नाम 68 विकेट हो गए हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल (66) और सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) को पीछे छोड़ दिया।

# ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे



## ● स्टेडियम का काम शुरू, 6 टीमें और टी-20 फॉर्मेट में होंगे मुकाबले

**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

### पोमोना में खेले जाएंगे मैच

सभी मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे।

### एक बार हुआ है ओलिंपिक में क्रिकेट

साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था। इसमें इंग्लैंड ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर जीता था।1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट का एक ही मैच खेला गया।

### क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने इस अवसर को खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट वैश्विक खेल बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगा रहा है। ओलिंपिक का हिस्सा बनना गर्व की बात है और हमें विश्वास है कि यह वेन्यू खेलों के दौरान केंद्र बिंदु बनेगा और अमेरिका में क्रिकेट की एक स्थायी विरासत छोड़कर जाएगा।

# राजस्थान के नांद्रे बर्गर पर जुर्माना

## मैच फीस का 10 प्रतिशत कटेगा, एक डिमेरिट पॉइंट मिला; लखनऊ के खिलाफ कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन

**इकाना (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के 32वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10त्न मैच फीस का जुर्माना लगाया है। साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है।हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है।




● आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया - साउथ अफ्रीकी गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी माना गया है। उन पर आर्टिकल 2.5 के तहत कार्रवाई की गई है। यह आर्टिकल ऐसे मामलों में लागू होता है, जब खिलाड़ी मैदान पर भाषा, एक्शन या इशारों से दूसरे खिलाड़ी का अपमान करे या उसे उकसाए।

आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप

# भारत का जलवा कायम, एक दिन में 4 मेडल जीतकर बढ़ाई बढ़त

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा निशानेबाजों ने जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में




4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक टेली4- 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।

**सीजल कांबले ने जीता सिल्वर -** सेजल कामली ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

**अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन -** इसी स्पर्धा में अंजली भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।


# पाकिस्तानी ऑलराउंडर नवाज ड्रग टेस्ट पॉजिटिव पाए गए

## पीसीबी ने जांच शुरू की, टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान लिए गए सैंपल में फेल

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। मीडिया सूत्रों के मुताबिक यह सैंपल 2026 टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिया गया था। इस मामले में आईसीसी ने पीसीबी को जानकारी दी है और बोर्ड ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### अंतिम फैसला आना बाकी

पीसीबी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा- आईसीसी ने इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके नतीजे आज आईसीसी को बताए जाएंगे। फिलहाल जांच जारी है और अंतिम फैसला अभी नहीं आया है।




### आईसीसी गोपनीय तरीके से जांच कर रहा

नवाज के खिलाफ यह मामला आईसीसी की एंटी-डोपिंग प्रक्रिया के तहत चल रहा है। पॉजिटिव टेस्ट रिक्रिएशनल ड्रग (नशीली दवाएं) से जुड़ा है। आईसीसी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है और पूरी प्रक्रिया गोपनीय तरीके से चल रही है।

### पॉजिटिव होने के बाद भी पीएसएल खेल रहे

नवाज जांच के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वे मुल्तान सुल्तांस की ओर से लगातार मैच खेल रहे हैं। हाल ही में कराची में रावलपिंडी के खिलाफ मैच में उन्होंने तीन ओवर फेंके, लेकिन कोई विकेट नहीं लिया।

### 98 टी-20 इंटरनेशनल खेल चुके

नवाज अब तक पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टीम के व्हाइट-बॉल सेटअप में वह नियमित खिलाड़ी रहे हैं और अपनी लेफ्ट आर्म स्पिन और लोअर ऑर्डर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।

अगर जांच में एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो उन्हें सस्पेंशन या अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# रिजर्व बैंक ने Patym का बैंकिंग लाइसेंस किया रद्द, लाखों यूजर्स पर पड़ सकता है असर




एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि बैंक के कामकाज में बैंक और उसके जमाकताओं के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले तरीके अपनाए जाने के कारण लाइसेंस रद्द किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाते हुए, तत्काल प्रभाव से उसके बैंकिंग लाइसेंस को रद्द करने का आदेश जारी किया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसके बाद से बैंक किसी भी प्रकार की नई जमा स्वीकार नहीं कर सकेगा और न ही किसी भी ग्राहक खाते में क्रेडिट लेन-देन कर पाएगा। इस निर्णय का सीधा असर बैंक के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ेगा, जिन्हें अपनी जमा राशि और लेन-देन को लेकर चिंता सता रही है।

आरबीआई ने कहा, 'बैंक के प्रबंधन का सामान्य स्वरूप जमाकताओं के हितों के साथ-साथ जनहित के भी विरुद्ध है।' इसके परिणामस्वरूप, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी प्रकार का बैंकिंग व्यवसाय करने से प्रतिबंधित किया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में आवेदन करेगा। आरबीआई ने कहा, 'बैंक के बंद होने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास अपनी पूरी जमा देनदारी चुकाने के लिए पर्याप्त तरलता है।' बता दें कि, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 11 मार्च, 2022 से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया गया है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के लाइसेंस रद्द होने से सबसे अधिक प्रभावित इसके लाखों ग्राहक होंगे। हालांकि, आरबीआई ने यह स्पष्ट किया है कि ग्राहक अपने खातों में जमा राशि को निकालने के लिए स्वतंत्र हैं। बैंक किसी भी ग्राहक को अपनी जमा राशि वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।